दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95


# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-127 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 26 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला

# ट्रस्ट ने चोरों के खिलाफ दर्ज कराई FIR, CCTV में आए थे नजर



नई दिल्ली(ए.)। अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी और अनियमितताओं के मामले में पहली बार एफआईआर दर्ज की गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की शिकायत के आधार पर पुलिस ने CCTV फुटेज में संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने के बाद आठ नामजद आरोपियों सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान मिले CCTV फुटेज में कुछ लोग चढ़ावे की राशि से कथित तौर पर चोरी करते दिखाई दिए। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि यह मामला ट्रस्ट सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर दर्ज किया गया है। एफआईआर में टिन्नू यादव, लव और अनुकल्प मिश्रा सहित आठ लोगों को नामजद किया गया है, जबकि कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। हालांकि, इस एफआईआर में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का नाम शामिल नहीं है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले चढ़ावे की रकम में कथित गड़बड़ियों और गबन के आरोप सामने आने के बाद राज्य सरकार ने 13 जून को तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया था। जांच टीम ने लगातार कई दिनों तक मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और मंदिर प्रशासन, सुरक्षा कर्मियों, ट्रस्ट से जुड़े लोगों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों सहित 50 से अधिक लोगों से पूछताछ की। एसआईटी ने चढ़ावे की गिनती, नकदी के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और पूरी प्रक्रिया का गहन परीक्षण करने के बाद अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। जांच अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल यह केवल शुरुआती रिपोर्ट है और अंतिम निष्कर्ष विस्तृत जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएंगे।जांच के बाद मंदिर प्रशासन ने दान राशि की गिनती और सुरक्षा व्यवस्था में कई अहम बदलाव किए हैं। अब कैश काउंटिंग में नए बैंक कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए अतिरिक्त CCTV कैमरे लगाए गए हैं और अलग कंट्रोल रूम बनाया गया है।इसके अलावा, काउंटिंग रूम में प्रवेश और बाहर निकलने वाले कर्मचारियों की सख्त तलाशी अनिवार्य कर दी गई है। बैंक में नकदी जमा कराने की प्रक्रिया में भी क्रॉस वेरिफिकेशन और सभी संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर अनिवार्य किए गए हैं, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की अनियमितता की संभावना को रोका जा सके।

### अयोध्या के राम मंदिर को दहलाने की साजिश नाकाम, सहारनपुर का युवक कर्नाटक में गिरफ्तार

नईदिल्ली (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर से चंदा चोरी के बीच बड़ी घटना सामने आई है। यहां संदिग्ध आतंकी साजिश को नाकाम किया गया है। केंद्र और राज्य की सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार शाम को कर्नाटक के दावणगेरे जिले से एक युवक को हिरासत में लिया है, जिसकी पहचान 22 वर्षीय मोहम्मद सुहैल के रूप में हुई है। आरोपी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के गंगोह का रहने वाला है और कर्नाटक की एक फैक्ट्री में पेंटर था।कर्नाटक की आतंकवाद विरोधी बल और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एटीएस का दावा है कि सुहैल के संबंध पाकिस्तान स्थित एक आतंकवादी संगठन से हैं और वह दावणगेरे में अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। जांच एजेंसी के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं और उसे जल्द ही पूछताछ के लिए उत्तर प्रदेश लाया जा सकता है। अभी वह कर्नाटक में एजेंसियों की हिरासत में है।जांच एजेंसियों ने आरोपी सुहैल के मोबाइल फोन से पाकिस्तान का फोन नंबर, संदिग्ध व्हाट्सऐप ग्रुप लिंक और हथियारों के साथ उसकी फोटो बरामद की है। तस्वीरों को फोरेंसिक लैब भेजा गया है।

### कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज अभियान शुरू, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और पेपर लीक माफिया की जांच की मांग

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने गुरुवार को राष्ट्रव्यापी छात्रों की गूंज नामक अभियान का शुभारंभ किया. यह 40 दिनों का अभियान देश के 28 प्रमुख शहरों में छात्रों, अभ्यर्थियों, कोचिंग हब, कॉलेज कैंपस, पुस्तकालयों और युवा समूहों के बीच चलाया जाएगा.यह अभियान उन छात्रों और नौकरी अभ्यर्थियों की आवाज है जिनकी मेहनत पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, रिजल्ट में देरी, भर्ती अटकने और एनटीए की नाकामी के कारण बर्बाद हो रही है. छात्र निष्पक्ष परीक्षा की मांग कर रहे हैं. इस मौके पर दिल्ली में कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई ने कांस्टीट्यूशन क्लब में प्रेस वार्ता की।



अरुणाचल प्रदेश के पान्योर ज़िले के केयी इलाके में लगातार भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से एक घर क्षतिग्रस्त हो गया।

### डिजिटल अरेस्ट के खिलाफ सीबीआई का छठा ऑपरेशन चक्र, 16 राज्यों के 80 ठिकानों पर छापा

नईदिल्ली (आरएनएस)। साइबर अपराध खासकर डिजिटल अरेस्ट के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन चक्र का छठा चरण शुरू किया है, जिसके तहत गुरुवार को 16 राज्यों के 80 ठिकानों पर छापा मारा गया है। सीबीआई की 60 टीमें पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, कर्नाटक और ओडिशा सहित 16 राज्यों में पहुंची थीं। अभियान का उद्देश्य देशभर में सक्रिय डिजिटल अरेस्ट ठगी नेटवर्क को ध्वस्त करना है।जांच टीम ने छापेमारी के दौरान पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से संजीव शाहा और तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई से बी नागेश को गिरफ्तार किया है। दोनों पर फर्जी कंपनियां (शेल कंपनियां) बनाना और ऐसे बैंक खातों (म्यूल अकाउंट) को खोलने और उनको चलाने का आरोप है, जिनसे संदिग्ध 2 करोड़ रुपये की कमाई को इधर-उधर किया गया है। अभियान के जरिए डिजिटल अरेस्ट के 200 से अधिक मामलों में शामिल नेटवर्क का पता लगाया गया है।

### वेनेजुएला में भूकंप से बड़ी तबाही, मरने वालों की संख्या 10,000 से एक लाख के बीच होने की आशंका, इमरजेंसी घोषित

वेनेजुएला(आरएनएस)। दो शक्तिशाली भूकंप से 10 हजार से एक लाख लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। वेनेज़ुएला के मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, माइकेटिया एयरपोर्ट को भूकंप से हुए गंभीर नुकसान के कारण बंद कर दिया गया है। देशकी कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज़ ने अभी-अभी राष्ट्र को संबोधित किया है। उन्होंने देश में आपातकाल की घोषणा की है, साथ ही उन्होंने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक जनरल को भी नियुक्त किया है। अपने भाषण में, उन्होंने विशेष रूप से वेनेजुएला के लोगों से एकता की अपील की। उन्होंने भूकंप में अपनों को खोने वालों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की, हालांकि उन्होंने मृतकों की संख्या नहीं बताई है। भूकंप से मची तबाही की तस्वीरें विचलित करने वाली हैं।



### एनसीईआरटी ने कक्षा 9 की पाठ्यपुस्तक में आपातकाल को शामिल किया, लोकतंत्र के लिए चुनौती बताया

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने एक बार फिर बड़ा कदम उठाते हुए पहली बार आपातकाल को कक्षा 9 की पाठ्यपुस्तक में शामिल किया है।





रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना को सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक, अंडरस्टैंडिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड में पहली बार शामिल किया गया है। कक्षा 9 की पिछली पाठ्यपुस्तक में आपातकाल का कोई उल्लेख नहीं था, लेकिन संशोधित पाठ्यक्रम के तहत एक अलग खंड जोड़ा गया है। केंद्र सरकार ने एनसीईआरटी में यह खंड जोड़ने का फैसला तब किया, जब देश में 1975 में लागू आपातकाल ने 50 वर्ष पूरे किए हैं। खंड में लिखा है, भारत में लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक 1975-77 में आपातकाल लागू होने के दौरान दर्ज हुई थी। 1970 के दशक की शुरुआत में, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार के प्रति जनता का असंतोष बढ़ रहा था। बेरोजगारी, मुद्रास्फीति और कुशासन के कारण विरोध-प्रदर्शन हो रहे थे।रिपोर्ट के मुताबिक, खंड में लिखा है, जून 1975 में, सरकार ने आंतरिक अशांति के आधार पर राष्ट्रीय आपातकाल लागू किया। इस दौरान, अधिकांश मौलिक अधिकारों निलंबित कर दिए, प्रेस पर प्रतिबंध लगा दिया और कई राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

# बुजुर्गों और असहाय लोगों का आदर करना हमारा धर्म : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय से हितग्राहियों को किया वर्चुअली संबोधित





भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि घर में बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद होना, तपती धूप में ठंडी छांव के समान होता है। हमारी संस्कृति में बुजुर्गों, असहायों और समाज के सबसे कमजोर वर्ग को आदर देना केवल कर्तव्य नहीं बल्कि हमारा धर्म माना गया है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी कोशिश है कि राज्य का कोई भी निर्धन परिवार, माताएं, बहनें या हमारे दिव्यांग साथी स्वयं को बेसहारा न समझें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय का संकल्प सिद्ध हो रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार भी गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के कल्याण में जुटी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण के लिए मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम से विभिन्न जिलों के हितग्राही वर्चुअली जुड़े।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 33 लाख 92 हजार 695 से अधिक भाई-बहनों और बुजुर्गों के खातों में माह मई महीने की 203 करोड़ 56 लाख रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, संजय शुक्ला, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली वायंगणकर कार्यक्रम में उपस्थित थी।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन सरकार के स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं है, अपितु निर्धन परिवारों, दिव्यांग साथियों में आपके प्रति सरकार का स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन है। राज्य सरकार सभी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है। सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसान हितैषी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### एक्सप्रेस-वे पर फिर मौत का तांडव, ट्रक में जा घुसी कार; चार लोगों की मौके पर मौत

मंदसौर(आरएनएस)। दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर एक बेहद दर्दनाक और भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें हताहत हुए लोगों की पहचान पूरी तरह साफ हो गई है। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत तितरोद के समीप हुए इस भयानक एक्सीडेंट ने चार हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए उजाड़ दीं। एक्सप्रेस-वे पर दौड़ रही एक अत्यधिक तेज रफ्तार कार अपने आगे चल रहे एक ट्रक में पीछे से बेहद ताकत के साथ जा घुसी। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन में सवार चार व्यक्तियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।प्राप्त विवरण के अनुसार, इस वीभत्स हादसे के शिकार हुए सभी लोग महाराष्ट्र के औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) और उसके आस-पास के इलाकों के निवासी थे। मृतकों की पहचान सचिन गंगाधर, संदीप बोरसे, राजेंद्र कोवडे और रविंद्र काले के रूप में की गई है।









### राहुल गांधी को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से राहत, मानहानि मामले में जताया खेद, कार्तिकेय चौहान ने किया स्वीकार

जबलपुर,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने अपने बयान पर लिखित खेद व्यक्त किया जिसे कार्तिकेय चौहान ने स्वीकार कर लिया। दोनों पक्षों के स्टेटमेंट के आधार पर केस बंद कर दिया गया।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जस्टिस प्रमोद अग्रवाल की एकलपीठ में आज मामले की सुनवाई हुई। कार्तिकेय चौहान के वकील ने बताया कि कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने दिए बयान को गलतफहमी में दिया गया बयान बताया था। आज की सुनवाई में कार्तिकेय चौहान की ओर से लिखित में प्रतिक्रिया हाईकोर्ट में पेश की गई। जिसमें कार्तिकेय चौहान की ओर से केस बंद करने की प्रार्थना की गई थी।

राहुल गांधी के खिलाफ भोपाल जिला कोर्ट में मानहानि का मामला चल रहा है। राहुल गांधी ने मानहानि मुकदमे को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। भोपाल एमपीएलए कोर्ट राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी कर चुका था। दरअसल, राहुल गांधी ने 2018 में चुनावी सभा के दौरान पनामा पेपर्स लीक में कार्तिकेय चौहान का नाम लिया था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

## कोलकाता गोदाम हादसाः मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हुई, पीड़ितों परिवारों को 10 लाख की आर्थिक मदद, कंस्ट्रक्शन कंपनी का मालिक गिरफ्तार



कोलकाता,(आरएनएस)। कोलकाता के तारातला इलाके में एक दिन पूर्व एक निर्माणाधीन गोदाम के ढह जाने से मरने वालों का आंकड़ा 11 हो गया है. वहीं 20 अन्य घायल हुए हैं.

इस बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को विधानसभा में बताया कि हादसे में मृतकों की संख्या 11 हो गई है. साथ ही उन्होंने इस घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार के लिए 10-10 लाख रुपये और प्रत्येक घायल के लिए एक-एक लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की.मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक बचाए गए 29 लोगों में से 11 की मौत हो गई है. 20 घायलों में से एक की हालत बेहद नाजुक है और चार की हालत गंभीर है. उन्होंने कहा कि पश्चिम कोलकाता के ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर गोदाम ढहने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा.शुभेंदु ने कहा कि इस गोदाम के नक्शे पर पूर्व महापौर फिरहाद हकीम के हस्ताक्षर हैं. एक दिन पहले, मुख्यमंत्री ने कहा था कि कोलकाता नगर निगम के इंजीनियरों से मिली शुरुआती जानकारी से संकेत मिलता है कि गोदाम के लिए स्वीकृत नक्शे में खामियां थीं.गोदाम ढहने की इस घटना के बाद, उन्होंने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार द्वारा स्वीकृत सभी निर्माणाधीन व्यावसायिक परियोजनाओं के काम को 31 जुलाई तक के लिए रोक दिया है और ऐसी परियोजनाओं के व्यापक ऑडिट का आदेश दिया है.इस बीच, कंस्ट्रक्शन कंपनी बेहेरा ब्रदर्स के मालिक शंभूनाथ बेहेरा को रात भर की तलाशी के बाद गिरफ्तार कर लिया गया. घटना के बाद से ही कोलकाता पुलिस का खुफिया विभाग उसकी तलाश कर रहा था. पूरी तलाशी और रात भर चले ऑपरेशन के बाद, लालबाजार से आई जांच टीम ने उसे पकड़ लिया. इससे पहले, पुलिस ने मोहम्मद सैयद गुलजार (माना जा रहा है कि वह सुपरवाइजर है), साथ ही लेबर सप्लायर मोहम्मद अताउल और सुभाष चौधरी को भी गिरफ्तार किया था।

## मध्य प्रदेश के ग्वालियर में पेट्रोल के 250 रुपये मांगने पर पंप कर्मचारी को आग लगाई

ग्वालियर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। यहां पेट्रोल के 250 रुपये मांगने पर एक पंप कर्मचारी को 3 लोगों ने आग लगा दी। घटना थाटीपुर थान क्षेत्र में बुधवार देर रात 12 बजे घटी है। पीड़ित का नाम आकाश सेंगर है, जो पंप पर चौकीदारी करता है। उसको बचाने में उसके पिता भी झुलस गए। घटना को अंजाम देने वाले 3 युवकों में सचिन गुर्जर और अरविंद छावई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।सेंगर पेट्रोल पंप पर चौकीदार है। वह रात को चोरी छिपे बोतल में पेट्रोल बेचता है। बुधवार रात को तीनों आरोपी बुलेट से सेंगर के पास पहुंचे थे और सेंगर से पेट्रोल लिया। वे सेंगर को 100 रुपये दे रहे थे, जबकि आकाश 250 रुपये मांग रहा थआ। इसी बात को लेकर तीनों भड़क गए और सेंगर के साथ मारपीट शुरू कर दी। तभी एक ने बोतल से पेट्रोल सेंगर पर छिड़क दिया और लाइटर से आग लगा दी।आरोपी आग लगाने के बाद मौके से फरार हो गए। तभी पास की दुकान पर चौकीदार सेंगर के पिता उसे बचाने के लिए दौड़े। वह भी झुलस गए हैं। सेंगर को ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि वह 60 प्रतिशत जल गया है और हालत गंभीर है। घटना के बाद सेंगर के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।



# शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नशे के दुष्परिणामों पर जानकारी देना आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दिव्यागंजनों को उपलब्ध कराये गये 6 करोड़ 52 लाख रुपए के कृत्रिम अंग/सहायक यंत्र




भोपाल( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन के आवागमन के लिए सभी शासकीय भवनों को बाधारहित बनाना आवश्यक है। बच्चों में दिव्यांगता के बारे में संवेदनशीलता विकसित करने के लिए स्कूली पाठ्यक्रम में आवश्यक सामग्री शामिल की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नशामुक्ति के लिए चलायें जा रहे अभियान के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्परिणामों से किशोरों और युवाओं को समय रहते परिचित कराना जरूरी है। नशे के विरूद्ध वातावरण बनाने के उद्देश्य से स्कूली और महाविद्यालयीन स्तरों के पाठ्यक्रमों में नशे के विरूद्ध जागरूकता पर केंद्रित सामग्री शामिल की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिव्यांगजन को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने और उनकी क्षमता अनुसार कौशल उन्नयन की गतिविधियां भी संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उक्त निर्देश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। मंत्रालय में गुरूवार को हुई बैठक में विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव अनुराग जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

### दिव्यांगजन के लिए की गई है 168 स्मार्ट क्लास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन्म दिवस, विवाह वर्षगांठ जैसे शुभ अवसरों और परिजन की स्मृति में जरूरतमंदों को भोजन कराने की परंपरा भारतीय संस्कृति में रही है। उन्होंने ऐसी व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक पहल को, प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर निराश्रितों को भोजन कराने के लिए निश्चित व्यवस्था के रूप में विकसित करने का सुझाव दिया। बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री सेवा पखवाड़ा अभियान वर्ष 2025 अंतर्गत प्रदेश में 6 करोड़ 52 लाख रुपए के कृत्रिम अंग एवं सहायक यंत्र दिव्यागंजन को उपलब्ध कराये गये। प्रदेश में दिव्यांगजन के लिए संचालित विशेष विद्यालयों में दिव्यांगजन के लिए 168 स्मार्ट क्लास तैयार की गई हैं। नशामुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत 12 हजार वालेंटियर्स बनाये गये हैं, जो नशे के दुष्परिणामों से जन सामान्य को अवगत करा रहे हैं। दिव्यांगजन को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार उपलबध कराने के लिए भारत सरकार से प्राप्त पुरस्कार संस्थानों से एमओयू किया गया है। इन संस्थाओं द्वारा 12 दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। वृद्धजनों की देखभाल के लिए 54 प्रतिभागियों को केयर-गिवर का प्रशिक्षण दिलवाया गया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, संजय शुक्ला, मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली वायंगणकर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का प्रस्ताव फिलहाल अटका, सरकार को लेना है अंतिम फैसला



भोपाल( निप्र)। भोपाल स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलने का प्रस्ताव फिलहाल आगे बढ़ता नजर नहीं आ रहा है। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद द्वारा नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को मंजूरी दी जा चुकी है। लेकिन सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे में विश्वविद्यालय फिलहाल अपने मौजूदा नाम से ही संचालित होता रहेगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, नाम परिवर्तन संबंधी प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका था, लेकिन इस पर अभी तक कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है। इसलिए फिलहाल यह मामला लंबित माना जा रहा है। रजिस्ट्रार समर बहादुर सिंह का कहना है कि इस प्रस्ताव को शासन के पास भेज दिया गया है। शासन ही इस मामले में निर्णय लेगा। पूर्व कुलपति का यह निर्णय था, लेकिन इस प्रस्ताव को रोका नहीं गया है।बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) का नाम बदलने के प्रस्ताव के खिलाफ भोपाल में विरोध के स्वर देखने को मिले थे। भोपाल की सड़कों पर उतरकर सैकड़ों छात्रों और युवाओं ने इस प्रस्ताव का विरोध किया था। उन्होंने इसके खिलाफ पैदल मार्च निकाला था। कुछ दिनों पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मोहम्मद जहीर ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए राज्यपाल (कुलाधिपति), मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कार्यपरिषद द्वारा पारित इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मौलाना बरकतउल्लाह भोपाली देश के एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे।

# भोपाल में करंट से युवक की मौत का

### चार घंटे तार पर लटका रहा शव, पुलिस पंचनामा कार्रवाई में जुटी रही; लाइनमैन मौके से भाग गए

भोपाल(आरएनएस.)। भोपाल के बिलखिरिया क्षेत्र में बिजली लाइन पर काम करने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों ने बिजली विभाग के दो कर्मचारियों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि लाइनमैन ने खुद काम करने के बजाय एक निजी युवक को खंभे पर चढ़ा दिया और बिजली सप्लाई बंद कराए बिना ही मरम्मत का काम शुरू करा दिया, जिससे उसकी जान चली गई।घटना रायसेन रोड स्थित बिलखिरिया क्षेत्र की है। मृतक की पहचान जितेंद्र कुशवाहा (22) पुत्र सेवाराम कुशवाहा निवासी बिलखिरिया के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। मृतक के भाई बंटी कुशवाहा ने आरोप लगाया कि बुधवार शाम क्षेत्र में एक फेज की बिजली बंद होने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर लाइनमैन आजाद ठाकुर और रिंकू राजपूत मौके पर पहुंचे थे।परिजनों का आरोप है कि दोनों कर्मचारियों ने स्वयं खंभे पर चढ़कर काम करने के बजाय जितेंद्र को बुलाया और मरम्मत कार्य करने के एवज में 500 रुपए देने की बात कही। इसके बाद उसे खंभे पर चढ़ा दिया गया।परिवार का आरोप है कि जिस लाइन पर काम कराया जा रहा था उसकी बिजली सप्लाई बंद नहीं कराई गई थी। जैसे ही जितेंद्र खंभे पर चढ़ा, वह एलटी लाइन के करंट की चपेट में आ गया। तेज करंट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों का कहना है कि हादसे के बाद दोनों लाइनमैन मौके से चले गए और युवक को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया।बंटी कुशवाहा ने बताया कि जितेंद्र पहले भी बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ निजी तौर पर काम कर चुका था। इस दौरान उसे दो बार करंट लग चुका था। दोनों बार उसे किसी तरह के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए थे।इन घटनाओं के बाद उसने यह काम छोड़ दिया था, लेकिन लाइनमैन उसे बार-बार पैसों का लालच देकर ऐसे कार्यों में लगा देते थे।परिजनों ने आरोप लगाया कि हादसे के बाद जितेंद्र का शव करीब तीन से चार घंटे तक बिजली के तार और खंभे के बीच लटका रहा। इस दौरान बारिश भी होती रही परिवार का कहना है कि पुलिस मौके पर मौजूद रही और नीचे खड़े होकर पंचनामा कार्रवाई करती रही। बाद में बिजली सप्लाई बंद कराकर ग्रामीणों की मदद से शव को नीचे उतारा गया। गुरुवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



## एमपी ट्रांसको ने लॉन्च किया वेंडर-फ्रेंडली पोर्टल, बिल से लेकर भुगतान तक की रियल टाइम ट्रैकिंग होगी संभव

भोपाल( निप्र)। डिजिटल इंडिया अभियान में प्रदेश के ऊर्जा विभाग की भागीदारी को और आगे बढाते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत कंपनी के वेंडर्स और कांट्रेक्टर्स की पारदर्शिता के लिए अत्याधुनिक वेंडर-फ्रेंडली पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से वेंडर्स और कांट्रेक्टर्स अपने बिलों की संपूर्ण प्रक्रिया को ऑनलाइन और रियल-टाइम में ट्रैक कर सकेंगे। मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में कार्यरत वेंडर्स एवं कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए वर्ष 2022 से इंटरनेट आधारित वेंडर्स पोर्टल संचालित है। इस व्यवस्था के तहत कॉन्ट्रैक्ट्स एवं वेंडर्स अपने देयक, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य संबंधित जानकारी ऑनलाइन प्रस्तुत करते हैं तथा उनके बिलों की जांच, स्वीकृति, भुगतान एवं अन्य समस्त प्रक्रियाएं पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपादित की जाती हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल के जरिए बिलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी कॉन्ट्रैक्टर्स को एसएमएस एवं ई-मेल के माध्यम से स्वतः प्राप्त होती रहती है। साथ ही वे किसी भी समय लॉग-इन कर अपने देयकों एवं भुगतान की अद्यतन स्थिति देख सकते हैं।

# भोपाल में चंदुखेड़ी में 54 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त




भोपाल (ए.)। जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने ग्राम चंदूखेड़ी, थाना परवलिया क्षेत्र से 54.09 बल्क लीटर अवैध देशी व विदेशी शराब जब्त की है। कार्रवाई में एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि एक अन्य आरोपित फरार है, जिसकी तलाश जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को आबकारी विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर हर्ष मीणा जूस सेंटर के पीछे दबिश दी। मौके से आरोपित सौरव कुमार यादव के कब्जे से अवैध शराब बरामद की। जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 22 हजार रुपये बताई गई है। आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।न्यायालय में पेशी के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। वहीं, सह-आरोपित अजमल मीणा मौके से फरार हो गया,जिसकी तलाश की जा रही है।

# भोपाल के 10 लेन सड़क प्रोजेक्ट से अतिक्रमण हटाया

### 12 पक्के निर्माण तोड़े; बरखेड़ा नाथू, कलखेड़ा-बिलखिरिया में भी कार्रवाई




भोपाल( निप्र)। भोपाल के 10 लेन सड़क प्रोजेक्ट में आड़े आ रहे पक्के निर्माणों पर गुरुवार को जेसीबी चली। करीब 12 पक्के निर्माण तोड़े गए। वहीं, बरखेड़ा नाथू, कलखेड़ा और बिलखिरिया में अवैध कॉलोनियों को लेकर भी कार्रवाई हुई। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की टीम के साथ ग्राम बिलखरिया कलां में सड़क अधिग्रहण में आने वाले अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई है। कार्रवाई से पहले संबंधितों को नोटिस दिए गए थे। हुजूर अनुभाग क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को लेकर कार्रवाई की जा रही है। 10 दिन के भीतर चार बड़ी कार्रवाई की गई, जबकि पांचवीं कार्रवाई गुरुवार को हुई। एसडीएम सोनकिया ने बताया कि बिलखिरिया, बरखेड़ा नाथू और कलखेड़ा में टीम ने पहुंचकर कार्रवाई की। यहां पर बिना अनुमति के कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इसके चलते सड़क, बाउंड्रीवॉल तोड़ दिए गए। संबंधित कॉलोनाइजरों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे आगे से बिना अनुमति के कॉलोनी डेवलप न करें। वरना कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश में राष्ट्रीय मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, छात्रवृत्ति चयन प्रक्रिया, मॉनिटरिंग के बारे में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

भोपाल (निप्र)। प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा गुरुवार को राज्य स्तरीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। पलाश रेसीडेन्सी भोपाल में आयोजित इस कार्यशाला में योजना के प्रभावी संचालन, छात्रवृत्ति चयन प्रक्रिया, मॉनिटरिंग एवं अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में नई दिल्ली से आए विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें राज्य शिक्षा केंद्र के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और सभी जिलों के नोडल अधिकारी तथा उनके सहायक शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार के सीनियर कन्सलटेंट राघवेन्द्र खरे, छात्रवृति प्रकोष्ठ के उपसंचालक डॉ. मुकेश शर्मा एवं राज्य शिक्षा केन्द्र के संयुक्त संचालक प्राचीश जैन ने किया। कार्यशाला में राष्ट्रीय मेरिट कम मीन्स छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल NSP पर नवीन/ नवीनीकरण पंजीयन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## भोपाल में साइबर अपराधों से बचने छात्रों को जागरुक किया

### सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत जहांगीराबाद पुलिस ने आयोजित किया सेमिनार



भोपाल( निप्र)। भोपाल के थाना जहांगीराबाद क्षेत्र स्थित आनंद विद्या मंदिर विद्यालय में सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया सुरक्षा और साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। विद्यार्थियों को साइबर हेल्पलाइन 1930 और ऑनलाइन शिकायत पोर्टल की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में करीब 250 छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# सेफ क्लिक-2026 अभियान के दूसरे दिन पन्ना पुलिस की साइबर अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई

### लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साइबर गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार




भोपाल (निप्र)। पुलिस महानिदेशककैलाश मकवाणा के निर्देशन में प्रदेशभर में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे राज्यव्यापी सेफ क्लिक-2.0 साइबर जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस को साइबर अपराधियों के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पन्ना पुलिस ने अभियान के दूसरे दिन ही एक व्यवसायी से 25 टन नारियल सप्लाई के नाम पर 7 लाख 50 हजार रुपये की साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 लाख 95 हजार रुपए नगद एवं मोबाइल फोन जब्त किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों के विरुद्ध राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (NCRP) पर विभिन्न राज्यों से कुल 25 शिकायतें दर्ज हैं। देवेन्द्रनगर निवासी व्यवसायी ने अपने मिनी मार्केट के लिए 25 टन नारियल खरीदने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर आवश्यकता दर्ज की थी। इसके बाद एक व्यक्ति ने स्वयं को केरल फॉर्च्यून ट्रेडर्स का प्रतिनिधि बताकर संपर्क किया और आकर्षक मूल्य पर नारियल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया।

आरोपी ने फर्म से संबंधित दस्तावेज, जीएसटी नंबर, ट्रक एवं चालक संबंधी जानकारी भेजकर विश्वास अर्जित किया। विश्वास में आने के बाद व्यवसायी ने विभिन्न माध्यमों से कुल 7 लाख 50 हजार रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में जमा कर दिए। भुगतान प्राप्त होने के बाद व्यक्ति एवं कथित ट्रक चालक ने संपर्क बंद कर दिया तथा नारियल फरियादी के पास नही पहुँचाये गये। शिकायत प्राप्त होने पर थाना देवेन्द्रनगर में प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में विशेष जांच दल एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, बैंकिंग ट्रांजेक्शन, मोबाइल डेटा तथा अन्य डिजिटल साक्ष्यों का सूक्ष्म परीक्षण किया। सतत तकनीकी निगरानी और समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप पुलिस ने उत्तरप्रदेश के फर्रुखाबाद जिले से गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे जस्ट डॉयल के माध्यम से प्राप्त मोबाईल नंबरों पर संपर्क कर लोगों को कॉल लगाकर जिस चीज की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार से बात करके धोखाधडी करते हैं। इसके बाद अग्रिम भुगतान प्राप्त कर साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता था।

## भोपाल में कोचिंग, लाइब्रेरी और हॉस्टलों का निरीक्षण, फायर सुरक्षा में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

भोपाल(निप्र.)। जिला प्रशासन भोपाल द्वारा शहर के कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी एवं छात्रावासों में अग्नि सुरक्षा मानकों की सघन जांच अभियान चलाया गया। कलेक्टर एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एम.पी. नगर जोन-2 क्षेत्र में राजस्व, पुलिस एवं नगर निगम की फायर सेफ्टी टीम द्वारा संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नीट मेंटर कोचिंग, औरस कोचिंग,आई.वी. लाइब्रेरी, संजीवनी गर्ल्स हॉस्टल, बैठक लाइब्रेरी तथा जैन्स गर्ल्स स्टे (हॉस्टल) सहित विभिन्न संस्थानों की जांच की गई।जांच में आई.वी. लाइब्रेरी के बेसमेंट में संचालित होने, फायर सेफ्टी सिस्टम के कार्यशील नहीं पाए जाने तथा आपातकालीन निकास एवं वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर मौके पर ही थाना एम.पी. नगर पुलिस द्वारा परिसर को सील कर दिया गया।संयुक्त दल ने दोनों गर्ल्स हॉस्टलों के किचन में साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। संजीवनी गर्ल्स हॉस्टल के किचन में गंदगी एवं फंगस लगी सब्जियां तथा खाद्य सामग्री पाए जाने पर नगर निगम को नियमानुसार नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

# मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न, संगठन विस्तार और प्रशिक्षण पर रहा जोर




भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल की एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय बैठक गुरुवार को भोपाल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को अधिक सशक्त, सक्रिय एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत मंथन किया गया। बैठक के स्वागत उद्बोधन में मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश भार्गव ने उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया तथा विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी।बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, सेवादल प्रभारी एन. मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव सेवादल लालजी प्रसाद मिश्र, मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी, महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष सुंदर्ता जायसवाल तथा मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे वरिष्ठ नेताओं ने अपने संबोधन में संगठन की मजबूती, जनसंपर्क बढ़ाने, युवाओं एवं महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण और अनुशासन के साथ संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इसके पश्चात संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक इकाइयों के गठन की समीक्षा की गई।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गाजीपुर हाईस्कूल में जागरुकता सत्र आयोजित



मंडला (आरएनएस)। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में गुरुवार को शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता एवं प्रतियोगी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से घरेलू हिंसा एवं अन्य प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन 1930 तथा पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता, सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग एवं उचित निपटान के संबंध में जागरूक करते हुए पौष्टिक भोजन, संतुलित आहार, स्थानीय फल-सब्जियों के सेवन तथा नियमित खेल, व्यायाम और योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पीएलवी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव ने विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी देते हुए बच्चों के अधिकार, शिक्षा का अधिकार, समानता का अधिकार, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, बाल श्रम तथा पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती झीनी मरावी, शिक्षिकाएं श्रीमती स्मृति ठाकुर, श्रीमती रमुलिया पंद्राम, श्रीमती पुष्पा सिरसाम, श्रीमती सुनीता कुमरे, सुश्री रश्मि मरकाम, श्रीमती संगीता ढोक, शिक्षक अरविंद तिवारी, प्रमोद कुमार शुक्ला एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरीशंकर कछवाहा सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## निवाड़ी के पृथ्वीपुर में देर रात टेंट दुकान में भीषण आग, पिकअप वाहन जलकर खाक, लाखों का नुकसान

निवाड़ी, (ए.)। मध्य प्रदेश केनिवाड़ी जिले के पृथ्वीपुर नगर में टीकमगढ़ रोड स्थित एक टेंट दुकान में बुधवार देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आकर दुकान के बाहर खड़ा पिकअप वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया, जबकि दुकान में रखा लाखों रुपये का टेंट और सजावटी सामान भी राख में तब्दील हो गया।घटना में टेंट व्यवसायी नंदराम साहू को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देर रात दुकान से अचानक धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तेज लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए कई घंटों तक राहत एवं बचाव कार्य चलाया। अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# निर्जला एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



राजगढ़, (ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर गुरुवार को ब्यावरा शहर पूरी तरह श्याम भक्ति में रंगा नजर आया। हाईवे स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।मंदिर समिति के अनुसार हजारों भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना का आशीर्वाद लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयघोष, भजनों और आरतियों से गूंजता रहा।निर्जला एकादशी को वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण एकादशियों में माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत और भगवान विष्णु की आराधना करने से सभी एकादशियों के पुण्य के बराबर फल प्राप्त होता है। इसी आस्था के चलते अलसुबह मंगला आरती से ही मंदिर में दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं, जो शाम तक बनी रही।इस अवसर पर बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया। फूलों की मनमोहक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और विद्युत झालरों से सजे मंदिर ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवी बना रहा। शहर के अलग-अलग मोहल्लों और आसपास के गांवों से भव्य निशान यात्राएं भी निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते मंदिर पहुंचे और बाबा को निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ भागीदारी की।

# शहर के पॉश क्षेत्र तुलसीनगर में अवैध शराब निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़



**- 144 बल्क लीटर मदिरा सहित भारी मात्रा में फर्जी लेबल, होलोग्राम एवं निर्माण सामग्री जब्त**

इंदौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के इंदौर में जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग द्वारा गुरुवार को सुनियोजित कार्रवाई में शहर के तुलसीनगर क्षेत्र में संचालित एक अवैध मदिरा निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया गया है। इस अवैध गतिविधि पर समय रहते अंकुश लगाए जाने से संभावित अप्रिय घटनाओं तथा जनस्वास्थ्य एवं कानून-व्यवस्था से जुड़े गंभीर जोखिमों को टालने में सफलता मिली है।सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक तिवारी ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग ने यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी जहांगीर खान एवं सीके साहू के नेतृत्व में गठित टीमों ने लगभग तीन दिनों तक सिविल ड्रेस में गोपनीय निगरानी और रेकी कर संदिग्ध गतिविधियों की पुष्टि की। इसके पश्चात योजनाबद्ध ढंग से की गई दबिश में तीन मंजिला भवन के भीतर संचालित अवैध मदिरा निर्माण एवं पैकेजिंग इकाई का खुलासा हुआ।उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 144 बल्क लीटर (16 पेटी) मदिरा के साथ भारी मात्रा में स्प्रिट, कैरेमल, पैकेजिंग सामग्री, हजारों की संख्या में डुप्लीकेट लेबल एवं होलोग्राम, विभिन्न ब्रांडों के बाटल कैप, कागजी कार्टून, दो बड़ी ब्लेंडर मशीनें तथा मदिरा निर्माण एवं पैकिंग में प्रयुक्त अन्य उपकरण जब्त किए गए। बरामद सामग्री से यह स्पष्ट हुआ है कि अवैध रूप से मदिरा निर्माण कर उसे वैध उत्पाद के रूप में बाजार में खपाने का प्रयास किया जा रहा था।

## अनूपपुर में दो अलग-अलग हादसों में नाबालिग समेत दो की मौत, पुलिस जांच में जुटी

अनूपपुर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक नाबालिग बालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना से जुड़ी है, जबकि दूसरी घटना जैतहरी थाना क्षेत्र में खाई में गिरने से हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार भालूमाड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के बड़ी मौहरी निवासी विनोद कुमार साहू अपने परिवार के साथ मां नर्मदा के दर्शन कर कार क्रमांक एपी-18-जेडसी-2522 से वापस घर लौट रहे थे। गुरुवार को किरर घाट स्थित सिद्धबाबा मंदिर के नीचे उनकी कार की सामने से आ रही कार क्रमांक एमपी-51-सीए-6950 से टक्कर हो गई।दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि कार में सवार 10 वर्षीय आयुष साहू पुत्र विनोद कुमार साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय अनूपपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में कार में सवार अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं, जिनका उपचार कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मृतक बालक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया तथा अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया।

# ग्राम नवाखेड़ा में रेज्ड बेड पद्धति से सोयाबीन बुवाई का कार्य प्रारंभ



उज्जैन,(आरएनएस)। उज्जैन विकासखंड के ग्राम नवाखेड़ा में कृषक राजेंद्र सिंह, पिता भगवान सिंह, के खेत पर रेज्ड बेड पद्धति से फसल बुवाई का कार्य प्रारंभ कराया गया। कृषक द्वारा कुल 125 बीघा क्षेत्र में रेज्ड बेड विधि से फसल बुवाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में लगभग 65 बीघा क्षेत्र में इस पद्धति से सोयाबीन फसल की बुवाई पूर्ण की जा चुकी है।कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि कमलेश कुमार राठौर ने बताया कि बदलती कृषि तकनीकों के दौर में फसल बुवाई की विधियों में नवाचार आवश्यक है। रेज्ड बेड पद्धति से बुवाई करने पर प्राकृतिक परिस्थितियों में अधिक वर्षा अथवा कम वर्षा, दोनों स्थितियों में फसल को होने वाला नुकसान अपेक्षाकृत कम होता है। साथ ही सामान्य बुवाई की तुलना में इस पद्धति से बुवाई करने पर उत्पादन में लगभग 15 से 20 प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना रहती है। इस अवसर पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग के सहायक कृषि यंत्री पी.सी. सिसोदिया, वैभव प्रजापति एवं अंशुल द्वारा कृषक को रेज्ड बेड पद्धति से बुवाई संबंधी तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा इसके लाभों की जानकारी दी गई।

# व्यापार समाचार

## अमेजन अपनी क्विक कॉमर्स सर्विस नाउ को 300 भारतीय शहरों तक पहुंचाएगी

नईदिल्ली (आरएनएस)। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भारत में अपनी क्विक डिलीवरी सेवा अमेजन नाउ का बड़ा विस्तार करने की घोषणा की है। कंपनी अब इस सेवा को 300 से अधिक शहरों तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। इससे पहले अप्रैल में अमेजन ने इसे 100 शहरों तक ले जाने की योजना बताई थी। कंपनी भारत में कारोबार को मजबूत करने के लिए 2,800 करोड़ रुपये का निवेश भी कर रही है और क्विक कॉमर्स क्षेत्र में अपनी पकड़ बढ़ाना चाहती है।

अमेजन ने कहा कि नाउ उसके भारत कारोबार की सबसे तेजी से बढ़ने वाली इकाई बन गई है। लॉन्च के बाद से इसके ऑर्डर हर तिमाही में दोगुने हो रहे हैं। यह सेवा अभी बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, अमृतसर और कोच्चि समेत 15 से अधिक शहरों में उपलब्ध है। कंपनी के अनुसार, 5 करोड़ से ज्यादा ग्राहक इस सेवा का इस्तेमाल कर सकते हैं और मिनटों में जरूरी सामान मंगा रहे हैं।

विस्तार योजना के तहत अमेजन अपने माइक्रो-फुलफिलमेंट और शहरी फुलफिलमेंट केंद्रों की संख्या में भी बड़ी बढ़ोतरी करेगा। इससे कंपनी ग्राहकों के करीब ज्यादा सामान स्टोर कर सकेगी और तेजी से डिलीवरी दे पाएगी। इस सेवा के जरिए ग्राहक किराना, ताजी फल-सब्जियां, पर्सनल केयर, ब्यूटी प्रोडक्ट, घरेलू सामान, फैशन और इलेक्ट्रॉनिक्स समेत हजारों उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। कंपनी का कहना है कि प्राइम सदस्य इस सेवा का ज्यादा उपयोग कर रहे हैं।

भारत के क्विक कॉमर्स बाजार में मुकाबला केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। कंपनियां टियर-2 और टियर-3 शहरों में तेजी से अपना नेटवर्क बढ़ा रही हैं। अमेजन का 300 शहरों तक पहुंचने का लक्ष्य इस क्षेत्र में अब तक घोषित सबसे बड़े विस्तार कार्यक्रमों में से एक है। कंपनी का मानना है कि छोटे शहरों में तेजी से बढ़ती मांग आने वाले समय में कारोबार का बड़ा आधार बनेगी और इसी से वह नेटवर्क को विस्तार दे रही है।

## बिल गेट्स ने मानी निजी रिश्तों की बात, जेफरी एपस्टीन पर लगाया दबाव बनाने का आरोप

नईदिल्ली,(आरएनएस)। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अमेरिकी कांग्रेस की एक समिति के सामने बंद कमरे में गवाही देते हुए बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बदनाम फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन ने उनकी निजी जिंदगी से जुड़ी जानकारी का इस्तेमाल कर उन पर दबाव बनाने की कोशिश की थी। गेट्स ने यह भी स्वीकार किया कि उनके कुछ निजी संबंध थे, जिनकी जानकारी एपस्टीन को थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि इनका एपस्टीन के साथ उनके संपर्क से कोई संबंध नहीं था।

गेट्स ने समिति को बताया कि एपस्टीन ने उन्हें कभी सीधे ब्लैकमेल नहीं किया, लेकिन उन्हें लगता है कि वह ऐसा करने की योजना बना रहा था। गेट्स के अनुसार, एपस्टीन के कुछ ईमेल ड्राफ्ट और संदेशों से ऐसा संकेत मिलता है कि वह उनकी निजी जानकारी का फायदा उठाकर दोबारा संपर्क बनाए रखने का दबाव बनाना चाहता था। उन्होंने कहा कि इसमें सच और झूठ दोनों तरह की बातें शामिल थीं।

गेट्स ने कहा कि वह चार वर्षों के दौरान एपस्टीन से करीब 12 से 14 बार मिले और दो बार वीडियो कॉल पर उसके साथ कुछ बात भी हुई। उनके अनुसार, इन मुलाकातों का मकसद परोपकारी कामों और संभावित दानदाताओं से जुड़ी चर्चाएं ही थीं। उन्होंने साफ कहा कि एपस्टीन के अपराधों से उनका कोई संबंध नहीं था और उससे लगातार संपर्क बनाए रखना उनकी एक बड़ी गलती साबित हुई। सुनवाई के दौरान गेट्स से स्वास्थ्य और निजी जीवन से जुड़े कुछ अन्य आरोपों पर भी सवाल पूछे गए।

# भारत-अमेरिका के बीच 2 दिन की बैठक में व्यापार-समझौते पर नहीं बनी बात



नईदिल्ली,(आरएनएस)। अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर 2 दिन से केंद्र सरकार के प्रतिनिधिमंडल से कई दौर की बातचीत कर चुका है, लेकिन अभी तक कोई बात नहीं बनी है। अमेरिकी टीम व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर की अगुआई में 22 जून को दिल्ली आई और 24 जून तक रही। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ उनकी बातचीत हुई। बातचीत के बाद भी अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर कोई नतीजा नहीं निकला।

वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि अमेरिकी दौरा संतुलित और पारस्परिक लाभकारी भारत-अमेरिका बीटीए को आगे बढ़ाने और 7 फरवरी को हुए अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने के लिए महत्वपूर्ण कदम था। बैठक में बेहतर बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार, मजबूत आपूर्ति श्रृंखला, गैर-टैरिफ बाधाओं में कमी और रणनीतिक क्षेत्रों में विस्तारित सहयोग जैसे बीटीए के प्रमुख तत्वों पर चर्चा हुई। दोनों पक्ष संतुलित, व्यावसायिक रूप से सार्थक और अपने-अपने देशों के किसानों-श्रमिकों-उपभोक्ताओं को ठोस लाभ देने वाला समझौता चाहते हैं।

मंत्रालय ने बताया है दोनों देश के नेता जल्द से जल्द अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं, लेकिन बैठक का नतीजा क्या निकला, इसकी जानकारी नहीं दी। बता दें कि 24 जुलाई को अमेरिका की ओर से लगाया गया अस्थायी 10 प्रतिशत टैरिफ की अवधि समाप्त हो रही है। इससे पहले दोनों देशों को किसी नतीजे पर निकलना है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की समझौते पर बातचीत के लिए भविष्य की वाशिंगटन यात्रा की भी जानकारी नहीं आई है। अमेरिका-भारत के बीच हुए अंतरिम समझौते में अधिकतर मुद्दे सुलझ गए है। अभी सिर्फ अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तुओं के लिए एक वैध टैरिफ निर्धारण का मुद्दा लंबित है। दरअसल, 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने भारत सहित सभी देशों से पर लगे टैरिफ को अमान्य घोषित कर दिया था। इसके बाद, दोनों साझेदार एक वैध टैरिफ ढांचे पर पुनर्विचार कर रहे हैं। भारत ऐसा ढांचा चाहता है, जिसमें उसे चीन समेत अपने अन्य प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त हासिल हो।

## विमान किरायों में कमी की उम्मीद, ईंधन की कीमतें स्थिर रहने पर सर्चार्ज घटाने को कह सकती है सरकार

वाराणसी(आरएनएस)। देश में हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए आने वाले दिनों में राहत की बड़ी खबर आ सकती है. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा है कि यदि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक स्थिर रहती हैं, तो केंद्र सरकार एयरलाइंस कंपनियों से हवाई किरायों पर लगने वाले सर्चार्ज और अतिरिक्त शुल्कों की समीक्षा करने और उन्हें कम करने के लिए कह सकती है.



वाराणसी में नागरिक उड्डयन मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार विमान ईंधन की कीमतों पर लगातार और बारीक नजर रख रही है. उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में तेल की कीमतों में आई गिरावट टिकाऊ है या नहीं, इसका आकलन करने के लिए एयरलाइंस कंपनियों के साथ बातचीत चल रही है. केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, पिछले चार महीने एयरलाइंस उद्योग के लिए बेहद महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण रहे हैं. अब जब हम ईंधन की कीमतों में गिरावट देख रहे हैं, तो हमें यह परखना होगा कि यह कमी लंबे समय के लिए है या केवल कुछ समय का बदलाव है. एक बार जब हमें विश्वास हो जाएगा कि कीमतों में यह स्थिरता लंबी अवधि तक बनी रहेगी, तो हम एयरलाइंस से बात करेंगे. हमारा प्रयास होगा कि यात्रियों पर से सर्चार्ज और अतिरिक्त किरायों के बोझ को कम किया जाए. संकट से निपटने के लिए 10,000 करोड़ का फंडपश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक संकट और वैश्विक तनाव के कारण विमानन क्षेत्र को भारी नुकसान उठाना पड़ा था. इस संकट से घरेलू एयरलाइंस को उबारने के लिए सरकार ने 10,000 करोड़ का प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड (मूल्य स्थिरता कोष) बनाया है. इस फंड के जरिए सरकार एयरलाइंस कंपनियों को वित्तीय संकट के समय जरूरी मदद और सहायता प्रदान कर रही है.

## EPFO से आई बड़ी खबर, लगातार 3 दिन तक बंद रहेगा पोर्टल; नहीं कर पाएंगे क्लेम

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को ऐलान किया कि कई ऑनलाइन सर्विसेज जैसे क्लेम दर्ज करना और ई-पासबुक सुविधाएं सिस्टम माइग्रेशन के चलते अगले कुछ दिनों तक उपलब्ध नहीं होंगी।




ईपीएफओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सिस्टम माइग्रेशन की योजना के तहत, 26 जून से 29 जून के बीच मेंबर पोर्टल, एम्प्लॉयर पोर्टल और उमंग ऐप पर सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। उन्होंने आगे कहा कि सेवाओं को कुछ समय के लिए बंद करना सिस्टम अपग्रेड की योजना का हिस्सा है, जिसका मकसद पक्षधारकों को तेज, अधिक भरोसेमंद और सुरक्षित सेवाएं देना है। ईपीएफओ ने कहा कि 30 जून से सेवाओं के फिर से शुरू होने की उम्मीद है। माइग्रेशन के दौरान, सदस्य और नियोक्ता कई जरूरी सेवाओं का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे, जैसे कि क्लेम सबमिट करना और प्रोसेस करना, इलेक्ट्रॉनिक चालान-कम-रिटर्न (ईसीआर) फाइल करना, नए कर्मचारियों के लिए यूएएन लिंक करना और ई-पासबुक सर्विस। इसके अलावा, ईपीएफओ ने सदस्यों को सलाह दी है कि वे इस अस्थायी रुकावट के दौरान होने वाली परेशानी से बचने के लिए अपने काम की योजना उसी हिसाब से बनाएं। ईपीएफओ ने इस दौरान मुश्किलों का सामना कर रहे पक्षकारों को मदद का भरोसा दिया है और कहा कि किसी भी सहायता के लिए ईपीएफओ कॉल सेंटर के नंबर 14470 पर संपर्क करें।

# RBI का बड़ा ऐलान! UPI या ONLINE FRAUD का शिकार होने वालों को मिलेगा 25,000 तक का मुआवजा




नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत में PI, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और कार्ड पेमेंट के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर ठगी के मामलों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। फर्जी लिंक, OTP स्कैम, नकली कॉल और UPI फ्रॉड के जरिए हर दिन बड़ी संख्या में लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। ऐसे में ऑनलाइन धोखाधड़ी के पीड़ितों को राहत देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की नई मुआवजा व्यवस्था चर्चा में है। इस व्यवस्था के तहत पात्र ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से हुए नुकसान की भरपाई के लिए अधिकतम 25,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता मिल सकती है। इसका उद्देश्य डिजिटल भुगतान प्रणाली पर लोगों का भरोसा मजबूत करना और छोटे स्तर की ऑनलाइन ठगी के शिकार ग्राहकों को राहत देना है।

### किन मामलों में मिल सकती है राहत?

प्रस्तावित नियमों के अनुसार यदि कोई ग्राहक UPI, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड से जुड़े साइबर फ्रॉड का शिकार होता है और कुल नुकसान 50,000 रुपये तक है, तो निर्धारित शर्तों के अनुसार उसे अधिकतम 25,000 रुपये तक का मुआवजा मिल सकता है। हालांकि, यह सुविधा सभी मामलों में स्वत: लागू नहीं होगी। इसके लिए RBI द्वारा तय पात्रता और प्रक्रिया का पालन करना होगा।

### कब से लागू होगी व्यवस्था?

जानकारी के अनुसार, यह व्यवस्था 1 जनवरी 2027 से लागू किए जाने की योजना है। इससे पहले इसे जुलाई 2026 से लागू करने का प्रस्ताव था, लेकिन बाद में इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई। नियम लागू होने के बाद पात्र मामलों में ग्राहकों को इसका लाभ मिल सकेगा।


### कितना मिलेगा मुआवजा?

निर्धारित ढांचे के अनुसार, पीड़ित को हुए नुकसान का 85 प्रतिशत तक या अधिकतम 25,000 रुपये तक मुआवजा दिया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर, यदि किसी व्यक्ति के साथ 20,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी होती है, तो पात्रता पूरी होने पर उसे नियमों के अनुसार राहत मिल सकती है।

### समय पर शिकायत करना है सबसे जरूरी

इस व्यवस्था का लाभ उठाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शर्त समय पर शिकायत दर्ज कराना है। यदि ग्राहक फ्रॉड का पता चलने के पांच दिनों के भीतर बैंक या संबंधित संस्था को सूचना देता है, तो मुआवजे की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930, संबंधित बैंक और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी जाती है।

# सम्पादकीय



**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## गहरी यांत्रणा से गुजरना

न्याय होने से पहले न्यूजक्लिक से जुड़े लोगों को गहरी यांत्रणा से गुजरना पड़ा। एक चलती हुई वेबसाइट मृतप्राय हो गई, दर्जनों कर्मचारियों की नौकरी गई, उनमें से बहुतों के यहां छापे पड़े। इनकी भरपाई कैसे होगी?

छह साल तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की यांत्रणा झेलने के बाद आखिरकार वेबसाइट न्यूजक्लिक को इंसाफ मिला। मुकदमा खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने महत्त्वपूर्ण टिप्पणियां कीं। कहा कि न्यूजक्लिक के खिलाफ ना सिर्फ जारी कार्यवाही दुर्भावनापूर्ण है, बल्कि यह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता पर मनमाना हमला तथा शक्ति के दुरुपयोग का मामला भी है। ईडी के आरोपों को 'पूर्णतः गढ़ा हुआ और निराधार' ठहराते हुए न्यायालय ने कहा कि वेबसाइट के खिलाफ दूर से संकेत देने लायक भी कोई सबूत नहीं पेश नहीं किया गया। जबकि आरोप मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम के तहत लगाया गया था।

बुधवार को ही हाईकोर्ट की एक दूसरी बेंच ने जम्मू-कश्मीर के मानवाधिकार कार्यकर्ता खुर्रम परवेज पर यूएपीए के तहत जारी मुकदमे में जमानत दे दी। यह मामला पांच साल पुराना हो चुका है, मगर हाई कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि अभी इसमें मुकदमे की कार्यवाही शुरू होने की दूर-दूर तक संभावना नहीं है। इसलिए उच्च न्यायालय ने 'जेल अपवाद और बेल नियम' का सिद्धांत लागू किया। ये दोनों मामले देश में कानून के राज और न्याय की भावना के रोजमर्रा के स्तर पर जारी उल्लंघन की मिसालें हैं। मुद्दा सिर्फ परवेज या उन जैसे लोगों को सताने का नहीं है। सवाल है कि उनके खिलाफ अभियोग पक्ष के पास अकाट्य साक्ष्य हैं, तो न्यायिक कार्यवाही में उन्हें सिद्ध कर कानून सज़ा दिलाने की तत्परता वह क्यों नहीं दिखाता? ऐसा नजरिया क्यों अपनाया गया है, जिससे प्रक्रिया को ही दंड बना देने का अस्वीकार्य चलन अस्तित्व में आया है? यह न्यूजक्लिक की खुशकिस्मती है कि उस पर मुकदमा चला। बहरहाल, न्याय होने से पहले उसके संपादक एवं अन्य पदाधिकारियों को महीनों जेल में गुजारने पड़े, एक चलती हुई वेबसाइट मृतप्राय हो गई, दर्जनों कर्मचारियों की नौकरी गई, उनमें से बहुतों के घर पर छापे पड़े जिससे उनकी प्रतिष्ठा को भारी क्षति पहुंची। आखिर इन सबकी भरपाई कैसे होगी? अतः क्या अब वक्त नहीं आ गया है, जब निराधार आरोप गढ़ने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए? साथ ही जिनकी जिंदगी अस्थिर और परेशान होती है, उन्हें उचित मुआवजा देने का प्रावधान किया जाए?

## कैसे होगी भारतीय नागरिकों की पहचान?

– **सनत जैन** /

भारत में जन्म-मृत्यु के पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है। 1969 से यह कानून लागू है। भारत के सभी राज्यों में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का पंजीयन अनिवार्य है। इसके बाद भी उसे नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं माना जा रहा है। इसके पहले 1952 के प्रथम चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार की गई थी। मतदाता सूची के माध्यम से 21 वर्ष से ऊपर के नागरिकों का पंजीयन चुनाव आयोग द्वारा किया गया था। यह पंजीयन चुनाव आयोग के बीएलओ घर-घर जाकर करते थे। 1969 के बाद जन्म मृत्यु पंजीयन का कानून बनाया गया था। वही नागरिकता और उम्र का प्रमाण माना जाता था। पिछले वर्ष से चुनाव आयोग ने अपने ही बनाये गये मतदाता कार्ड को अमान्य बता दिया। एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग ने मतदाताओं की पहचान के लिए नागरिकता के लिए जो पहचान के दस्तावेज जरूरी बताए थे, उसे भी सुप्रीम कोर्ट, विदेश मंत्रालय और सरकार के विभिन्न निर्णय में नकार दिया गया है। कोई भी दस्तावेज नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं है। इसमें आधार कार्ड को भी शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में भारत के नागरिक हैं, इसको साबित करने के लिए कौन सा दस्तावेज है, इसका कोई उल्लेख ना तो चुनाव आयोग करता है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने नागरिकता के प्रमाण स्वरूप कौन से दस्तावेज होंगे, इसका फैसला नहीं किया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट का जो फैसला आया था, उसमें उन्होंने चुनाव आयोग की मतदाता सूची और मतदाता प्रमाण को भी नागरिकता का प्रमाण नहीं माना। आधार और पासपोर्ट भी नागरिकता के प्रमाण पत्र नहीं हैं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी नागरिकता का प्रमाण नहीं है। फिर कौन सा प्रमाण पत्र है, जिसे भारतीय नागरिक होने का प्रमाण माना जाए। इसको भारत सरकार भी नहीं बता पा रही है। ऐसा लग रहा है, पाकिस्तान एवं अन्य देशों से आकर भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र हासिल कर सकते हैं। विदेश से आने वालों को केंद्रीय गृह मंत्रालय नागरिकता का प्रमाण पत्र देता है। भारत में ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है, जो आपके भारत में जन्म और नागरिक होने का प्रमाण माना जाए।

75 सालों बाद यह स्थिति पहली बार चुनाव आयोग के कारण देखने को मिल रही है। अब सब जगह से एक ही आवाज सुनने को मिल रही है, हम कैसे प्रमाणित करें, हम भारतीय नागरिक हैं। अब तो यह भी कहा जाने लगा है, भारतीय नागरिक वही होगा, जो हिंदू हो, भारतीय जनता पार्टी का सदस्य हो। उसे ही भारत के नागरिक होने का प्रमाण मान लेना चाहिए।

# एआई और इंटरनेट से बढ़ती डिजिटल थकानः कारण और समाधान

सुनील कुमार

***आज का युग तकनीक का युग है और आज के इस तकनीक और डिजिटल युग में हर किसी में डिजिटल फटीग (डिजिटल थकान) तेजी से बढ़ती समस्या बनती जा रही है। दिनभर या यूं कहें कि लगातार स्क्रीन पर काम करना, बार-बार आने वाले नोटिफिकेशन, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, ऑनलाइन बैठकों और एआई आधारित टूल्स पर बढ़ती निर्भरता के कारण लोगों में मानसिक थकान, एकाग्रता की कमी, आंखों में तनाव और चिड़चिड़ापन बढ़ रहा है। उत्पादकता बढ़ाने के लिए बनाए गए डिजिटल साधन कई बार मानसिक दबाव का कारण भी बन जाते हैं। इसलिए स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना, नियमित अंतराल पर विश्राम लेना और डिजिटल संतुलन बनाए रखना आज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।***



कहना ग़लत नहीं होगा कि मोबाइल या लैपटॉप पर बार-बार आने वाले नोटिफिकेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा तैयार की जा रही सामग्री, स्क्रीन पर लगातार काम करने की आदत और विभिन्न एआई टूल्स के बढ़ते उपयोग के कारण आज लोगों में मानसिक और डिजिटल थकान तेजी से बढ़ रही है। विडंबना यह है कि जिन तकनीकों और टूल्स को हमारी उत्पादकता बढ़ाने के लिए बनाया गया था, वे ही अब एकाग्रता में कमी, तनाव और बर्नआउट का मुख्य कारण बन रहे हैं। ऑनलाइन लेक्चर, वर्चुअल मीटिंग्स, इंटरनेट पर उपलब्ध असीमित जानकारियों, रील्स और शॉर्ट वीडियोज ने लोगों को इस कदर बांध लिया है कि किताब पढ़ते समय भी ध्यान बार-बार मोबाइल फोन की ओर चला जाता है, जिसका सीधा असर हमारी स्मरण शक्ति और निर्णय लेने की क्षमता पर भी पड़ रहा है। लगातार डिजिटल माध्यमों के संपर्क में रहने और एआई-आधारित टूल्स से मिलने वाले अलर्ट्स, रिमाइंडर्स व परफॉर्मेंस रिपोर्ट्स के कारण आज मानसिक बोझ बढ़ रहा है।

पाठक जानते हैं कि आज शिक्षा से लेकर कार्यस्थल तक एआई कौशल सीखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, लेकिन जब हम एआई के उत्तरों पर पूरी तरह निर्भर होने लगते हैं, तो गहराई से सोचने, तर्क करने और नए समाधान खोजने की हमारी मौलिक व रचनात्मक क्षमता कमजोर पड़ने लगती है। इंटरनेट मीडिया पर स्क्रॉलिंग की कोई निश्चित सीमा नहीं होती और एआई एल्गोरिदम उपयोगकर्ताओं के व्यवहार व रुचियों के आधार पर लगातार व्यक्तिगत व आकर्षक कंटेंट दिखाते रहते हैं, जिससे लोग कुछ मिनट के लिए प्लेटफॉर्म खोलकर भी वहां घंटों बिता देते हैं। इस इन्फॉर्मेशन ओवरलोड (सूचना की अधिकता) के कारण मानसिक संतुलन प्रभावित होता है और व्यक्ति थकान व भ्रम का शिकार हो जाता है। इस स्थिति से बचने के लिए गैर-जरूरी नोटिफिकेशन बंद करना, स्क्रीन टाइम सीमित रखना, प्रतिदिन सुबह और रात को कुछ समय डिजिटल डिवाइस से दूर रहना तथा हर आधे घंटे में छोटा ब्रेक लेना बेहद आवश्यक है।

वास्तव में, आज चिंता का विषय यह नहीं है कि एआई मानव रचनात्मकता का स्थान ले लेगा, बल्कि यह है कि उस पर अत्यधिक निर्भरता हमारी जिज्ञासा और स्वतंत्र सोच को सीमित कर देगी; इसलिए एआई का उपयोग केवल एक सहायक उपकरण के रूप में होना चाहिए।

बहरहाल, देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की हालिया रिपोर्ट बताती है कि भारत में अब लगभग 109 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां मोबाइल-इंटरनेट उपभोक्ता औसतन हर महीने 26.7 जीबी डेटा खर्च कर रहे हैं, तथा कुल टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 133 करोड़ से अधिक हो गई है, जिससे स्पष्ट है कि डिजिटल कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ भारत तेजी से एक डिजिटल समाज और डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि डिजिटल क्रांति और एआई निश्चित रूप से प्रगति के बड़े माध्यम हैं, लेकिन इनका अनियंत्रित उपयोग मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। भारत के तेजी से बढ़ते डिजिटल समाज में डिजिटल वेलबीइंग (डिजिटल कल्याण) को प्राथमिकता देना अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य हो गया है। तकनीक हमारी सोच और क्षमताओं को बढ़ाने के लिए है, न कि उसे नियंत्रित करने के लिए। अतः सजगता, सीमित उपयोग और समय-समय पर डिजिटल डिटॉक्स अपनाकर ही हम इस बढ़ते मानसिक तनाव से बच सकते हैं और तकनीकी विकास का वास्तविक लाभ उठा सकते हैं।

# रिफॉर्म एक्सप्रेस के अंतर्गत बढ़ रही न्यायिक सुगमता

अर्जुन राम मेघवाल

न्याय सदा से ही मानव सभ्यता का एक अत्यधिक महत्वपूर्ण और अभिन्न स्तंभ रहा है। हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की समृद्ध परंपरा तथा उसके स्थायी प्रतीक सामूहिक रूप से उन संस्थागत व्यवस्थाओं को दर्शाते हैं जिन्होंने मानव सभ्यता की विकास यात्रा को सही मार्ग पर आगे बढ़ाया, मार्गदर्शन किया और निरंतर आगे बढ़ने में सहायता की। मानव सभ्यता के अनवरत विकास के फलस्वरूप ज्ञान-विज्ञान और तकनीक से समृद्ध आधुनिक समाज में एक-दूसरे से जुड़े व्यक्तियों और समुदायों के आपसी संबंधों में भी विभिन्न विचारों और मतों के कारण परिवर्तन आया है, तथापि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वैज्ञानिक प्रगति और तकनीकी उन्नति ने देश की सीमाओं से आगे जाकर विचारों के निर्बाध आदान-प्रदान को और अधिक सुगम बनाया है। अनादि काल से, एक विचार की दूसरे विचार पर श्रेष्ठता स्थापित करने की होड़ न्यायशास्त्र के विकास की एक मजबूत नींव रही है। युगों से विचारों और मूल्यों के इस अंतर्संघर्ष के बीच न्यायिक संस्थानों ने सत्य, निष्पक्षता और विधि के शासन में लोगों के विश्वास को पुनः स्थापित करने की जिम्मेदारी निभाई है। इन्होंने एक सेतु का काम किया है जो प्रत्येक संबंधित पक्ष को, यहाँ तक कि उन लोगों को भी जो स्वयं को अलग-थलग महसूस करते हैं, न्याय और सामूहिक कल्याण की एक व्यापक प्रक्रिया से जुड़ाव, विश्वास और सहभागिता का अनुभव कराता है।

इसी स्थायी संस्थागत प्रतिबद्धता के कारण एक ऐसी सशक्त व्यवस्था निर्मित होती है जो न केवल न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करती है बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को सरल और सुगम बनाने के लिए अनिवार्य है। वर्तमान संदर्भ में विकसित भारतीय न्यायशास्त्र ने स्वयं को आधुनिक चुनौतियों और उपलब्ध अवसरों के अनुरूप ढाल लिया है। हमारी संवैधानिक विरासत हमें स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र निर्माताओं का स्वप्न साकार करते हुए एक समतामूलक समाज के निर्माण की दिशा में सतत मार्गदर्शन प्रदान करती है। संविधान की प्रस्तावना में निहित न्याय की त्रिवेणी अर्थात राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय तथा स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्श संस्थाओं और व्यक्तियों दोनों के लिए एक नैतिक दिशासूचक के रूप में कार्य करते हैं।

स्वतंत्र भारत को संविधान के रूप में एक आदर्श मार्गदर्शक प्राप्त हुआ जिसने हमारे राष्ट्र की प्रगति की दिशा निर्धारित की। देश की आजादी के बाद यद्यपि हमने राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ली थी, फिर भी गहरी जड़ें जमा चुकी औपनिवेशिक मानसिकता भारतीय चिंतन और मूल्यों के लिए एक बौद्धिक अवरोध बनी रही। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति, उसके बाद भारत के नागरिकों के लिए बनाए गए दंडात्मक कानून तथा विभिन्न नीतियों ने नियमों का एक जटिल जाल बुन दिया, जिसने देश की जनता की स्वतंत्रता को सीमित किया। 19वीं सदी की मानसिकता और 20वीं सदी के कानून 21वीं सदी की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते।

हमें अपनी राष्ट्रीय उपलब्धियों पर अपार गर्व है। फिर भी, जब हम मोदी सरकार की बारह वर्षों की विकास यात्रा पर नजर डालते हैं तो शासन व्यवस्था में एक स्पष्ट और सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देता है जिसने नागरिकों के जीवन को अनेक स्तरों पर प्रभावित किया है। वर्ष 2014 को हमारे देश की लोकतांत्रिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में याद किया जाएगा। यह वह वर्ष था जबकि देश में युवाओं की विशाल आबादी को देश के विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानने वाले तीव्र गति से विकसित हो रहे भारत की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेपों को और अधिक प्रभावी और सक्षम बनाया गया।


देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में संपूर्ण शासन व्यवस्था ने रिफॉर्म एक्सप्रेस से प्रेरित विकास की प्रक्रिया को तेजी से अपनाते हुए सशक्तिकरण की शक्ति का परिचय दिया है। इसकी यात्रा को संक्षेप में इस प्रकार बताया जा सकता है कि यह जमीनी स्तर से 'ईज ऑफ लिविंग' को बढ़ावा देने का प्रयास है। साथ ही, राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण को शीर्ष स्तर से लागू करना भी इसका उद्देश्य है।

इसी प्रकार, भारत की न्यायिक सुधारों की यात्रा भी व्यापकता, नवाचार और गहन सामाजिक एवं सभ्यतागत प्रतिबद्धता की एक प्रेरक गाथा रही है। यह एक व्यापक और बहुआयामी दृष्टिकोण को दर्शाती है जिसमें विधायी आधुनिकीकरण, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और डिजिटल नवाचार शामिल हैं।

'ईज ऑफ जस्टिस' हमारे लिए मात्र एक कथन नहीं है बल्कि यह एक सुधार का मंत्र है जिसमें न्याय के लिए अदालत की शरण में जाने वालों के लिए 'ईज ऑफ इंगेजमेंट', अधिवक्ताओं और न्यायाधिशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' तथा नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ अंडरस्टैंडिंग' शाामिल है।

न्याय हेतु अदालतों की शरण में जाने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए दिशा योजना के तहत टेली-लॉ, न्याय बंधु और प्रो बोनो सेवाओं के विस्तार ने न्याय प्राप्ति को अत्यंत सुलभ और किफायती बना दिया है। कॉमन सर्विस सेंटर के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से संचालित टेली-लॉ कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के 112 लाख से अधिक लाभार्थियों को अदालतों में मुकदमे दायर करने से पहले मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त करने का लाभ मिला है। ई-फाइलिंग और ई-सेवा केंद्र की सेवाओं ने अदालत में मुकदमा दायर करने वाले व्यक्तियों और न्यायिक व्यवस्था के बीच नियमित संवाद एवं संपर्क को और अधिक सरल बनाया है। आधुनिक प्रौद्योगिकी और सामुदायिक सहभागिता के समन्वय का भारत का यह अनूठा मॉडल वैश्विक स्तर पर एक मानक के रूप में उभरा है। अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों के लिए 'ईज ऑफ वर्किंग' को डिजिटल और भौतिक अवसंरचना दोनों में व्यापक विस्तार द्वारा उल्लेखनीय रूप से सुदृढ़ किया गया है। चूंकि जिला एवं अधीनस्थ न्यायपालिका देश के अधिकांश नागरिकों के लिए न्यायिक व्यवस्था का पहला संपर्क बिंदु है, अतः इसे सुदृढ़ करना एक अनिवार्य और व्यावहारिक प्राथमिकता बनी हुई है। इसी दृष्टि से, केंद्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत न्यायालय भवन, अधिवक्ता कक्षों, आवासीय इकाइयों तथा डिजिटल अवसंरचना के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, देश में न्यायालय भवनों की संख्या वर्ष 2014 के 15,818 से बढ़कर 22,712 हो गई है तथा अत्याधुनिक एकीकृत न्यायालय परिसरों के विकास हेतु वर्ष 2014 के बाद से अब तक 9,400.40 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 7200 करोड़ रुपए के बजटीय परिव्यय से शुरू की गई ई-कोर्ट चरण-III परियोजना का उद्देश्य न्यायालयों को पूर्णतः डिजिटल, पेपरलेस और एआई-सक्षम न्याय वितरण संस्थानों में परिवर्तित करना है। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएं, वर्चुअल कोर्ट और अदालती कार्यवाही की लाईव स्ट्रीमिंग जैसी पहलों ने न्यायपालिका को लोगों के और करीब ला दिया है तथा न्याय वितरण को अधिक सुलभ, पारदर्शी और कुशल बनाया है।

भारत जैसे भाषाई विविधता वाले देश में नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ अंडरस्टैंडिंग' का होना 'ईज ऑफ जस्टिस' के व्यापक ढांचे का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट विधिक अनुवाद सॉफ्टवेयर और भाषिणी जैसे एआई- संचालित नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग उपकरण उच्चतम न्यायालय के निर्णयों एवं आदेशों का 18 भारतीय भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं, जिससे आम जनता के लिए कानूनी जानकारी अधिक सुलभ हो रही है।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज के दिन आप ऊर्जावान रहेंगे। व्यापार से रिलेटेड नई योजनाएं बना सकते हैं, जिससे आपकी आय के स्रोत खुलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा, निवेश करने के लिए अच्छा समय है, साथ ही आज यात्रा पर जाने के योग हैं।

वृष राशि: वृष राशि वालों आपके लिए आज का दिन खुशनुमा रहेगा। आज आपको कुछ नये लोगों से मिलने का अवसर मिलेगा, साथ ही आपको नया प्रोजेक्ट मिलने के योग हैं, जिससे आपके प्रगति के रास्ते खुलेंगे। आज आपके व्यवसाय में बेहतर बदलाव होने की संभावना है, जो आपके आर्थिक स्तर को बेहतर बनाएगा। आज आप बहुत आनंदित रहेंगे।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन लकी रहेगा। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। इस दौरान आप केवल भाग्य के भरोसे न बैठकर अच्छी मेहनत करेंगे। नौकरी में अच्छी सफलता मिलेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। कहीं मनोरंजक यात्रा होने की संभावना है। आज आपका मन धार्मिक क्रिया-कलापों में खूब लगेगा। पारिवारिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताएंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। आपके व्यवसाय में लाभ मिलेगा। आय के साधन बढ़ेंगे। व्यापार से जुड़ी यात्रा फायदेमंद रहेगी।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिग में पूरी मेहनत लगायेंगे। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा फायदा होगा।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। दाम्पत्य जीवन सुखमय रहेगा, जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और आप दोनों के बीच आपसी रिश्ते और अच्छे होंगे। आप दोनों की रुचि धर्म-कर्म के कार्यों में बढ़ेगी।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपके द्वारा बनाई गई योजना कारगर साबित होगी। अच्छा धन अर्जित करने में सफल होंगे। किसी तरह का निवेश करने से पहले अपने बड़ों से सलाह अवश्य लेंगे।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में चीजें आपके अनुकूल रहेंगी। घर में किसी नए मेहमान के आने की संभावना है। व्यापार में लाभ होगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में बड़े सुधार के योग हैं।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आप नौकरीपेशा हैं तो कार्यस्थल पर आपकी स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपकी पदोन्नति के साथ आपका कार्यभार भी बढ़ेगा। आज आपको आमदनी के बेहतर अवसर मिलने के योग हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली आयेगी। आर्थिक स्तिथि बेहतर बनाने के लिए बड़ों से सलाह ले तो अच्छा रहेगा।

मकर राशि: मकर राशि वालों आपके लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके व्यवसाय में विस्तार के साथ आय के स्रोत विकसित होंगे। मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले छात्रों को आज नई खबर मिल सकती है। जिससे उनका मनोबल ऊंचा होगा और आगे की पढ़ाई में सहयोग मिलेगा।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। कार्य स्थल पर सहकर्मियों के साथ आपका अच्छा बर्ताव आपकी सफलता में सहायक होगा। पदोन्नति के योग बनेंगे। आज आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साझेदारी में व्यापार करने वालों को सफलता मिलेगी। निवेश से लाभ के योग बन रहें हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतरीन रहने वाला है। आज ऑफिस के कार्य को पूरा करने के लिए आपको कुछ अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। नया बिजनेस शुरू करने की योजना सफल रहेगी।

# जल शक्तिः विकसित भारत की यात्रा को दे रही है गति

सी. आर. पाटिल

क्या आप जानते हैं कि जल जीवन मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति कार्यक्रम है? या फिर स्वच्छ भारत मिशन दुनिया का सबसे बड़ा ग्रामीण स्वच्छता अभियान है, जिसने लोगों की सोच और व्यवहार में अभूतपूर्व बदलाव लाया है? और क्या आपको पता है कि नमामि गंगे आज दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी नदी पुनर्जीवन योजनाओं में शामिल है?

ये सभी पहल केवल सरकारी योजनाएं नहीं हैं, बल्कि इस बात का उदाहरण हैं कि 145 करोड़ आबादी वाला भारत किस तरह पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

जब इतिहासकार भारत की विकास यात्रा को देखेंगे, तो संभव है कि वे पिछले 12 वर्षों को वह दौर बताएं, जब जल देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण विषय बन गया। मानव सम्मान, आर्थिक विकास, जनस्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण संरक्षण पर पानी जितना प्रभाव डालता है, उतना शायद ही कोई दूसरा क्षेत्र डालता हो। लेकिन कई दशकों तक भारत में जल संबंधी समस्याओं का समाधान अलग-अलग और बिखरे हुए तरीकों से किया जाता रहा। पिछले कुछ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत, गंभीर और दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसका नेतृत्व स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया।

पिछले 12 वर्षों में जल क्षेत्र में जितने बड़े पैमाने पर निवेश और काम हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। लेकिन इस बदलाव की अहमियत केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है। आज पानी को पूरे देश की साझा प्राथमिकता माना जा रहा है, जिसमें सभी विभाग, राज्य, समुदाय और आने वाली पीढ़ियाँ भागीदार हैं। पहले जल क्षेत्र को उतनी प्राथमिकता नहीं मिलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल क्षेत्र की योजना, प्रबंधन और सेवाओं से जुड़ी वर्षों पुरानी कमियों को दूर करने की जिम्मेदारी उठाई।

इस बदलाव का सबसे बड़ा उदाहरण जल जीवन मिशन है। जब यह मिशन शुरू हुआ था, तब केवल लगभग 3.23 करोड़ ग्रामीण परिवारों, यानी करीब 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में ही नल से जल की सुविधा थी। आज 15.8 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों, यानी 81 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल से पानी पहुँच चुका है। सरकार का लक्ष्य 2028 तक 100 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को यह सुविधा उपलब्ध कराना है। लाखों परिवारों, खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए यह केवल पानी की सुविधा नहीं है, बल्कि उनके जीवन में आया एक बड़ा बदलाव है।

अध्ययनों के अनुसार, पहले भारत की ग्रामीण महिलाओं को हर साल पानी लाने में अरबों घंटे खर्च करने पड़ते थे। अब घर-घर नल से पानी पहुंचने के कारण हर दिन 5.5 करोड़ से अधिक व्यक्ति-घंटों की बचत हो रही है। जो समय पहले पानी लाने में लगता था, अब उसका उपयोग पढ़ाई, रोजगार, बच्चों की देखभाल और आय बढ़ाने वाले कामों में हो रहा है। साथ ही, सुरक्षित पेयजल मिलने से पानी से फैलने वाली बीमारियाँ कम हुई हैं, जिससे लोगों का इलाज पर होने वाला खर्च भी घटा है। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन ने भी देश में बड़ा बदलाव लाया है। इस अभियान ने दिखाया कि लोगों की सोच में बदलाव, जनभागीदारी और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मिलकर बड़े स्तर पर परिवर्तन ला सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आकलन के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वजह से 2014 से अक्टूबर 2019 के बीच दस्त से होने वाली 3 लाख से अधिक मौतों को रोका जा सका। घर-घर शौचालय बनने से करोड़ों ग्रामीण महिलाओं को सम्मान, निजता और सुरक्षा मिली। इस तरह स्वच्छता केवल एक सुविधा नहीं रही, बल्कि जनस्वास्थ्य और सामाजिक सम्मान का एक बड़ा जनआंदोलन बन गई। गांवों को खुले में शौच से मुक्त बनाने के बाद अब देश स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 के तहत ठोस और तरल कचरे के वैज्ञानिक एवं टिकाऊ प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भारत ने जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज के क्षेत्र में भी दुनिया के सबसे बड़े अभियानों में से एक चलाया है। 6 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सूरत से जल संचय जन भागीदारी अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत 31 मई 2026 तक देशभर में 1.55 करोड़ से अधिक वर्षा जल संचयन और भूजल रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है। यह अभियान दिखाता है कि जल संरक्षण में लोगों की भागीदारी और सामूहिक प्रयास कितने प्रभावी हो सकते हैं।

इन प्रयासों का सकारात्मक असर अब भूजल की स्थिति में भी दिखाई देने लगा है। हाल के आकलनों के अनुसार, देश के कई हिस्सों में भूजल का स्तर बेहतर हुआ है और जिन क्षेत्रों में भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा था, उनकी संख्या में भी कमी आई है। यह इस बात का प्रमाण है कि लगातार किए गए जल संरक्षण के प्रयास और जनभागीदारी मिलकर पर्यावरण पर बढ़ते दबाव को भी कम कर सकते हैं।

साथ ही, भारत ने लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय जल परियोजनाओं को भी तेज़ी से आगे बढ़ाया है। देश की पहली बड़ी नदी जोड़ो परियोजना, केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना, तेजी से आगे बढ़ रही है। इसका उद्देश्य बुंदेलखंड के सूखा प्रभावित क्षेत्रों तक पानी पहुंचाना है।







# एनआईए ने बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में स्थानीय नेता को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने से जुड़े मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मालदा जिले के एक स्थानीय नेता को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने कोलकाता स्थित ब्रांच कार्यालय में पूछताछ के बाद आरोपी को अपनी हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम सायेम चौधरी उर्फ बाबू चौधरी है, जो मालदा के मोथबारी का रहने वाला है। एनआईए की जांच से पता चला कि सायेम चौधरी 1 अप्रैल को बीडीओ कार्यालय के ब्लॉक-2 में न्यायिक अधिकारियों को गैर-कानूनी रूप से बंधक बनाने में शामिल मुख्य आरोपियों में से एक था। अधिकारियों ने बताया, वह उस भीड़ का हिस्सा था, जिसने कानून-व्यवस्था में बाधा डाली और सरकारी ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर हमले किए। इन हमलों में 9 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। जांच टीम के अनुसार, आरोपी ने घटना से एक दिन पहले बीडीओ कार्यालय के सामने भाषण दिया था, ताकि लोगों को हिंसक विरोध-प्रदर्शन के लिए उकसाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी बाबू चौधरी ने अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रची थी और उन गैर-कानूनी सभाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया था, जिनमें एसआईआर प्रक्रिया के दौरान हिंसा, डराने-धमकाने और बाधा डालने जैसी कोशिशें की गईं। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में एनआईए ने अब तक कुल 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एनआईए राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले मालदा जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भीड़ के विरोध-प्रदर्शन और न्यायिक अधिकारियों को गैर-कानूनी रूप से बंधक बनाने से जुड़े एक दर्जन से अधिक मामलों की जांच कर रही है। एनआईए ने कहा कि वह बड़े पैमाने पर चुनावों से पहले हुई हिंसा के पीछे की बड़ी साजिश के तहत अलग-अलग मामलों में शामिल सभी आरोपियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए अपनी जांच जारी रखे हुए है। बता दें कि एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर इन मामलों की जांच शुरू की थी। सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में अप्रैल में हुई हिंसा का स्वत: संज्ञान लिया था।

## सुकेश चंद्रशेखर मामले में जैकलीन फर्नांडिस को सुप्रीम कोर्ट से झटका, वापस लेनी पड़ी याचिका



नईदिल्ली (आरएनएस)। अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को कथित महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। कोर्ट के कड़े रुख को देखते हुए अभिनेत्री ने शीर्ष अदालत से अपनी याचिका वापस ले ली है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जोयमल्या बागची की पीठ ने जैकलीन को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी और साफ किया कि वो अपनी कानूनी लड़ाई निचली अदालत में ही लड़ें।

जैकलिन ने महाठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली है। 25 जून को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उनकी मांग स्वीकार कर ली। जैकलीन ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें ईडी की चार्जशीट रद्द करने से इनकार किया गया था। उन्होंने निचली अदालत द्वारा उन पर तय किए गए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को भी चुनौती दी थी।

## पुणे हत्याकांडः केतन की हत्या के लिए मंगेतर सिया और उसके प्रेमी ने ऑनलाइन खोजे तरीके

पुणे, (आरएनएस)। महाराष्ट्र के पुणे में 26 वर्षीय व्यवसायी केतन विशाल अग्रवाल की हत्या में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके प्रेमी चेतन चौधरी ने हत्या को अंजाम देने से पहले ऑनलाइन में काफी खोजबीन की थी। जांच में पता चला कि दोनों अक्सर इंटरनेट पर किसी को जान के मारने तरीके जानने के लिए खोज करते थे। इस दौरान वे एक-दूसरे के संपर्क में रहते और साझा करते थे। पुणे (ग्रामीण) पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने बताया कि हत्या सुनियोजित तरीके से की गई, जिसमें सिया और चौधरी ने केतन को मारने के तरीकों को अपने मोबाइल फोन से ऑनलाइन खोजा था। घटना वाले दिन सिया और चौधरी लोहागढ़ किले जाने से पहले एक कैफे में मिले थे और केतन को खत्म करने की योजना पर चर्चा की थी। केतन की हत्या के बाद भी सिया और चौधरी के बीच फोन और मैसेज का सिलसिला जारी रहा।केतन की नवंबर, 2026 में सिया से शादी होने वाली थी। उससे पहले वह मंगेतर सिया का जन्मदिन मनाने लोहागढ़ किले गए थे। केतन 18 जून को सुबह ट्रेकिंग करने निकले और 400 फीट गहरी खाई में गिर गए।

## ग्रेटर नोएडा के कमर्शियल बिल्डिंग की 9वीं मंजिल पर आग लगने से अफरा-तफरी, दमकल टीम ने पाया काबू

नोएडा, (आरएनएस)। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक कमर्शियल बिल्डिंग की 9वीं मंजिल पर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी. इसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की करीब आधा दर्जन गाड़ियां पहुंची. उन्होने कड़ी मशक्कत के बाद हालात पर काबू पाया. दरअसल बिल्डिंग की ऊंचाई ज्यादा होने के चलते फायर कर्मियों ने हाइड्रोलिक मशीन का इस्तेमाल किया।

फायर विभाग को सूचना मिली कि ऑफिस के अंदर कुछ लोगों फंसे हुए हैं. आग बुझने पर पता चला कि ऑफिस में कोई नहीं था, इस घटना में चीफ फायर अधिकारी का कहना है कि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## सीजेपी का जंतर-मंतर पर छठा दिन भी प्रदर्शन जारी, देशभर से मिल रहा समर्थन

नई दिल्ली, (आरएनएस)। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले चल रहे धरने का गुरुवार को छठा दिन है. शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर शुरू हुए इस आंदोलन में देश के अलग-अलग राज्यों से छात्र, युवा, अभिभावक और आम नागरिक पहुंच रहे हैं. प्रदर्शनकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार, परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. धरना स्थल पर दिनभर छात्र और युवा ने अपने विचार रख रहे हैं. प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि हाल के वर्षों में विभिन्न परीक्षाओं को लेकर सामने आए विवादों ने छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ाई है. छात्रों के भविष्य को देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय की जानी चाहिए.धरने में शामिल दिल्ली विश्वविद्यालय के दूसरे वर्ष के छात्र हेमंत ने कहा कि वह छात्रों की आवाज को मजबूत करने के लिए आंदोलन में शामिल हुए हैं. उन्होंने कहा कि शिक्षा और परीक्षा प्रणाली से जुड़े कई मुद्दों पर सरकार गंभीरता नहीं दिखा रही है. हेमंत ने कहा कि छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं और इसी वजह से वे जंतर-मंतर पर अपनी बात रखने पहुंचे हैं. उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को खत्म करने की मांग की.उन्होंने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा के लिए शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत है।

## वेनेजुएला में आए जोरदार भूकंप पर प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, कहा- हरसंभव मदद को तैयार

नईदिल्ली, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार तड़के वेनेजुएला में आए 7.1 तीव्रता के जोरदार भूकंप पर दुख जताया है और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने भूकंप की वजह से जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना की। उन्होंने मुश्किल समय में वेनेजुएला में प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, वेनेजुएला में आए ज़बरदस्त भूकंप से हुई तबाही से मुझे गहरा दुख हुआ है। भारत की ओर से, मैं वेनेजुएला सरकार और वहां के उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम घायलों के जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं और इस मुश्किल समय में प्रभावित सभी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। भारत हर संभव मदद देने के लिए तैयार है।

वेनेजुएला में गुरुवार तड़के 2 शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचा दी है। पहले भूकंप की तीव्रता 7.1 थी, जिसका केंद्र राजधानी कराकस से करीब 160 किलोमीटर पश्चिम में था। इसके कुछ ही मिनट बाद 7.5 तीव्रता का एक और भूकंप आया, जिसका केंद्र मोरोन शहर के दक्षिण-पश्चिम में था। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप में कम से कम 10,000 लोगों के मारे जाने की आशंका है।

## केतन अग्रवाल हत्याकांडः आरोपी चेतन के पिता बोले-सिया मेरे बेटे को फंसा रही



पुणे (आरएनएस)। पुणे के कारोबारी केतन अग्रवाल के हत्याकांड को लेकर अब आरोप-प्रत्यारोप के दौर शुरू हो गया है। आरोपी चेतन चौधरी के पिता बाबुलाल चौधरी ने अपने बेटे का बचाव करते हुए कहा है कि झूठे आरोपों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सिया गोयल खुद को बचाने के लिए उनके बेटे को फंसाने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उन्होंने सिया को कभी नहीं देखा।

बाबुलाल ने कहा, हमने उस लड़की को कभी नहीं देखा और उसके बारे में हमें कुछ भी पता नहीं है। दरअसल, मुझे उसका नाम भी कल ही पता चला। मैंने उसे पहले कभी नहीं देखा। मैंने उसे पहली बार पुलिस स्टेशन में देखा। जब मेरी मुलाकात पुलिस स्टेशन में चेतन से हुई, तो उसने बताया कि घटना के समय वो सिया और केतन से काफी दूर खड़ा था।

बाबुलाल ने आगे कहा, हमें नहीं पता कि चेतन उस दिन लोहगढ़ किले में क्यों मौजूद था। उसने हमें यह नहीं बताया कि वह वहां क्यों गया था। मेरा बेटा वैसा नहीं है. वह इस मामले में शामिल नहीं है। मुझे नहीं पता कि उसके और सिया के बीच कोई अफेयर चल रहा था या नहीं। चेतन निर्दोष है और वह हमेशा किराने की दुकान पर काम करने आता था।

चेतन के चाचा उदयराम चौधरी ने भी कहा कि वह निर्दोष हैं। उन्होंने कहा, चेतन एक खिलाड़ी और बेहद सीधा-सादा इंसान है। बाजार में किसी ने भी उनके खिलाफ कभी कोई शिकायत नहीं की है। हमारे परिवार को चेतन और उस लड़की के रिश्ते के बारे में कुछ भी नहीं पता। हमें बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी। हमें उनसे एक मिनट के लिए मिलने का मौका भी मिला। हमें इस मामले में झूठा फंसाया जा रहा है।



*केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।*

## कर्नाटक के कावेरी नदी में सेल्फी लेते समय एक ही परिवार के 5 लोग डूबे



मांड्या, (आरएनएस)। कर्नाटक के मांड्या जिले में बुधवार शाम बड़ा हादसा हो गया। यहां के लोकप्रिय पर्यटन स्थल मुथाथी के पास कावेरी नदी में सेल्फी लेते समय 5 लोग डूब गए। सभी मृतक एक ही परिवार के हैं, जो चन्नापटना के रहने वाले थे। वे मुथाथी में स्थित मुत्तेथराया मंदिर में दर्शन करने आए थे और बाद में नदी तट के पास चले गए। मृतकों में चैत्रा (20), श्वेता (38), विजयम्मा (50), प्रियंका (28) और महेश (30) शामिल हैं। परिवार ने बेंगलुरु से कार किराए पर लेकर पहले कनकपुरा तालुक के कब्बलू गांव में अपने रिश्तेदारों के घर पर एक कार्यक्रम में गए थे, फिर वे मुथाथी पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना के बाद वे नदी के तट पर सेल्फी लेने पहुंचे। यहां तेज धार में विजयम्मा का पैर फिसल गया और वह डूबने लगी। उनको बचाने की कोशिश में परिवार के अन्य सदस्य भी एक-एक करके पानी में उतरे और डूबते चले गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी महिलाओं को तट पर तैनात होम गार्ड ने चेतावनी दी थी, उसके बाद भी वे पानी में उतरकर सेल्फी लेने चले गए। महिलाओं के डूबने पर कार चालक महेश उनको बचाने दौड़ा, वो भी डूब गया। उनके परिवार के एक सदस्य रवि भी उनको बचाने गए थे, लेकिन उनको स्थानीय लोगों ने किसी तरह डूबने से बचा लिया। परिवार में शामिल रवि और 4 वर्षीय बच्चा बच गए हैं। बच्चा नदी किनारे बैठा था।

# महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में भारी बारिश का अलर्ट, राजस्थान में धूल भरी आंधी की संभावना



नई दिल्ली, (आरएनएस)। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में हाल ही में मानसून के सक्रिय होने से फिर से बारिश शुरू होने से कुछ राहत मिली है और कई जिलों में बारिश की कमी को कम करने में मदद मिली है. दक्षिण-पश्चिम मानसून, जो लगभग दो हफ्ते से रुका हुआ था, अब फिर से आगे बढ़ गया है।

दिल्ली में धूल भरी आंधी ने भीषण गर्मी जैसे हालात से कुछ समय के लिए राहत दी. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, बुधवार शाम को दिल्ली के कुछ हिस्सों में आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई, जिससे गर्मी से बड़ी राहत मिली और तापमान में तेजी से गिरावट आई।

हालांकि, दिल्ली में इस महीने बारिश की कमी दर्ज की जा रही है. जून में अब तक शहर में 39.6 मिमी बारिश हुई है, जबकि जून में अब तक सामान्य बारिश 48.3 मिमी होती है. यानी इस साल जून में अब तक सामान्य से 8.7 मिमी या 18 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

आईएमडी के अनुमान के अनुसार, गुरुवार को कुछ जगहों पर बादल छाए रहने और गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की आशंका है. कम से कम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है, जबकि ज्यादा से ज्यादा तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

पूर्वोत्तर देश का सबसे अधिक बारिश वाला इलाका बना हुआ है और आगामी हफ्ते में यहां सबसे ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है. मौसम विभाग ने 25 से 28 जून तक जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड में भारी बारिश का अनुमान लगाया है।

आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. इन इलाकों में गरज के साथ बारिश और तूफानी हवाएं चल सकती हैं, जिनकी रफ्तार 40-50 किमी प्रति घंटा से 60 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है, साथ ही गरज के साथ बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की संभावना है. विदर्भ क्षेत्र को गर्मी की स्थिति से राहत मिलेगी क्योंकि इस क्षेत्र के कई हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है।

मध्य महाराष्ट्र में 26 जून तक बिजली कड़कने, तेज हवाओं और मध्यम से भारी बारिश के साथ आंधी-तूफान देखने को मिलेगा।

पश्चिमी तट सबसे अधिक सक्रिय मानसून वाले इलाकों में से एक है, केरल, कर्नाटक, गोवा और आस-पास के तटीय इलाकों में 25-26 जून के दौरान अच्छी बारिश जारी रहने की उम्मीद है।

25 जून को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश होने की संभावना है और यह 30 जून तक जारी रहेगी. मौसम विभाग के अनुसार, बिहार, ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल हैं. इन क्षेत्रों में भारी बारिश होने की संभावना है।

# निर्जला एकादशी पर आस्था का महासंगम, त्रिवेणी संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई पवित्र डुबकी



प्रयागराज/हरिद्वार, (आरएनएस)। निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु संगम तट पर पहुंचे और गंगा, यमुना तथा अदृश्य सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान कर भगवान से सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और विश्व शांति की कामना की।संगम में स्नान करने पहुंचे एक श्रद्धालु ने बताया, आज निर्जला एकादशी का पवित्र पर्व है। हम त्रिवेणी संगम में स्नान करने आए हैं। स्नान के बाद पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान भी किए हैं। यह दिन बेहद पुण्यदायी माना जाता है। निर्जला एकादशी, जिसे भीमसेनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में सबसे महत्वपूर्ण एकादशियों में से एक मानी जाती है। इस अवसर पर श्रद्धालु बिना जल और अन्न ग्रहण किए व्रत रखते हैं और भगवान विष्णु की आराधना करते हैं।प्रयागराज में इस पर्व को लेकर विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिला। मंदिरों और घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहावहीं, इस पर्व के महत्व पर जानकारी देते हुए पुरोहित गोपाल दास जी महाराज ने कहा, आज भीमसेनी एकादशी यानी निर्जला एकादशी है। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को रखने से पूरे वर्ष की सभी एकादशियों के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। उधर, हरिद्वार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने बताया कि महाभारत के अनुसार महर्षि वेदव्यास ने भीम को निर्जला एकादशी का व्रत रखने की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष इस पर्व का महत्व और भी बढ़ गया है, क्योंकि हिंदू पंचांग में एक अतिरिक्त माह होने के कारण सामान्य 24 के बजाय 26 एकादशियां पड़ रही हैं।महंत रवींद्र पुरी ने श्रद्धालुओं से पवित्र नदी में या घर पर स्नान कर भगवान नारायण का ध्यान, पूजा और जप करने का आह्वान किया। धार्मिक मान्यता है कि भगवान नारायण का निवास जल में माना जाता है, इसलिए इस दिन जल और स्नान का विशेष महत्व है। एएसपी अनुष्का बडोला ने कहा, शाम की गंगा आरती तक सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी।

## उत्तर प्रदेश में भाजपा की नई टीम, राजनाथ सिंह के दूसरे बेटे को बनाया गया उपाध्यक्ष

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की नई टीम का ऐलान हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दूसरे बेटे नीरज सिंह और समाजवादी पार्टी से बगावत करके आईं पूजा पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है। नई टीम में कुल 46 लोगों के नाम शामिल हैं। नीरज को यह स्थान उनके भाई पंकज सिंह की जगह मिला है। पार्टी ने कुल 19 उपाध्यक्ष, 8 महामंत्री और 19 लोगों को मंत्री बनाया गया है।

भाजपा ने पश्चिमी प्रदेश का अध्यक्ष नबाब सिंह नागर, ब्रज प्रदेश का पूरन लाल लोधी, कानपुर का राम किशोर साहू, अवध क्षेत्र का अवधेश द्विवेदी, काशी का अशोक चौरसिया और गोरखपुर का विनोद राय को बनाया है। भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष रोहित मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा का प्रकाश पाल, किसान मोर्चा का देवेन्द्र सिंह, अनुसूचित मोर्चा का अशोक रावत, महिला मोर्चा का सरोज कुशवाह और अनुसूचित जनजाति मोर्चा का विद्याभूषण गोंड को बनाया है।

भाजपा ने पूजा पाल और प्रियंका रावत को उपाध्यक्ष बनाकर बड़ा दांव चला है। प्रियंका पहले महामंत्री थी। उनकी पदोन्नति करके दलित वर्ग का साधा गया है। पूजा कौशांबी जिले के चायल सीट से समाजवादी पार्टी की विधायक हैं।

## पुणे कोर्ट ने बच्ची से दुष्कर्म और हत्या मामले में आरोपी को दोषी ठहराया, सजा का ऐलान 29 को संभव

पुणे (महाराष्ट्र), (आरएनएस)। पुणे की विशेष अदालत ने नसरापुर में साढ़े तीन वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में 65 वर्षीय व्यक्ति को दोषी ठहराया है. बता दें कि पुणे जिले के भोर तालुका स्थित नसरापुर में साढ़े तीन साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न के बाद उसकी हत्या कर दिए से पूरे राज्य में गुस्सा फैल गया था.



इस मामले में गुरुवार अपराध होने के ठीक दो महीने बाद आरोपी को दोषी ठहराया गया. आरोपी भीमराव प्रभाकर कांबले (उम्र 65) को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था. पुणे स्पेशल कोर्ट के जज एसआर सालुंखे ने आरोपी को दोषी पाते हुए फैसला सुनाया. आरोपी ने उक्त वारदात को 1 मई को अंजाम दिया था. शुरुआती जांच में पता चला कि लड़की के साथ यौन उत्पीड़न हुआ था, आरोपी ने उसे ट्रीट देने के बहाने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया था.इसके बाद उसने बेरहमी से उसकी हत्या कर दी और उसकी लाश छिपा दी थी. सीसीटीवी फुटेज की मदद से भीमराव कांबले को पकड़ लिया गया. नसरापुर यौन उत्पीड़न और मर्डर केस पर लोगों के गुस्से के बाद, ट्रायल फास्ट-ट्रैक आधार पर चलाया गया.दोषी साबित होने के बाद, स्पेशल कोर्ट 29 जून को सजा सुना सकता है. जुर्म की गंभीरता को देखते हुए, उम्मीद है कि अभियोग पक्ष कानून के तहत ज़्यादा से ज़्यादा सजा की मांग करेगा. गौरतलब है कि 1 मई को हुई घटना के बाद पुणे ग्रामीण पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था।

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई को लेकर नाटो महासचिव ने ट्रंप की तारीफ की

वॉशिंगटन, (आरएनएस)। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तारीफ करते हुए कहा कि ईरान परमाणु क्षमताएं हासिल कर रहा था, जो पूरी दुनिया के लिए खतरा बन सकता था. ट्रंप के साथ अपनी बैठक में रुटे ने कहा कि जी7 के सभी नेताओं ने ईरान को लेकर अमेरिका द्वारा किए जा रहे काम की सराहना की है.



मार्क रुटे ने कहा, सबसे पहले ईरान की बात करते हैं. मैं साफ तौर पर यह बताना चाहता हूँ कि ईरान को लेकर आप जो काम कर रहे हैं, वह कितना अहम है. यह मुख्य रूप से उस न्यूक्लियर क्षमता के बारे में है जिसे ईरान हासिल करने ही वाला था. यह उस इलाके के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा होता. यह देश अराजकता और आतंकवाद फैलाया. वे न्यूक्लियर क्षमता हासिल करने के बहुत करीब थे. आपने पिछले हफ्ते जी7 में देखा होगा कि सभी नेताओं ने इस बात की तारीफ की कि ईरान की न्यूक्लियर क्षमता को कम कर दिया गया है.

रुटे ने कहा, अमेरिका जो काम कर रहा है, वह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए है. यह बहुत जरूरी है और मैं बस यह साफ करना चाहता हूँ क्योंकि कभी-कभी लोग सोचते हैं कि ईरान का यह पूरा मामला क्यों चल रहा था. यह सुरक्षा का मामला है. यह आजाद दुनिया के नेता की ओर से अमेरिका की सीमाओं से बाहर निकलकर बाकी दुनिया के लिए जिम्मेदारी लेने का मामला है और आपने यही किया.नाटो महासचिव ने कहा, मुझे पता है कि इस बात पर बहस हुई है कि क्या यूरोप में आपके सहयोगी आपके साथ काफी हद तक थे या नहीं. मैं बस एक बात कहना चाहता हूँ कि कभी-कभी वे साथ थे. रुटे ने कहा कि भले ही ट्रंप ने इस बात पर नाराजगी जताई थी कि नाटो सदस्य युद्ध के दौरान अमेरिका की काफी मदद नहीं कर रहे थे, फिर भी यूरोप भर के बेस से अमेरिका के लगभग 4,000-5,000 विमानों ने उड़ान भरी थी.रुटे ने आगे कहा कि जब आप आंकड़ों को देखें तो इस युद्ध के दौरान यानी अप्रैल के मध्य में सीजफायर होने तक के छह हफ़्तों में यूरोप के बेस से चार से पाँच हजार अमेरिकी विमानों ने उड़ान भरी. रोमानिया के बुखारेस्ट एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा. इसे कमर्शियल ट्रैफ़िक के लिए बंद करना पड़ा क्योंकि उन्हें यह पक्का करना था कि टैंकर विमान हवा में भेजे जा सकें. तो मुझे पता है कि कुछ ऐसे अलग-थलग मामले रहे हैं जिनसे आपको सच में निराशा हुई. लेकिन आम तौर पर आपके यूरोपीय सहयोगी आपके साथ रहे हैं. मैं सच में इस बात पर जोर देना चाहता हूँ.रुटे ने ऐसे चार्ट भी दिखाए जिनसे पता चलता है कि कैसे ट्रंप ने नाटो देशों को अपना डिफेंस खर्च बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है और इससे अमेरिका की नौकरियों और कंपनियों को कैसे फायदा हो रहा है. रुटे ने आगे कहा, कुल मिलाकर 1,95,000 नौकरियां यूरोपीय निवेश से चल रही हैं.मैं आपको यकीन दिला सकता हूं कि ऐसा रूस की वजह से उस खतरे की वजह से हो रहा है, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति के तौर पर आप लगातार ऐसी चीज के लिए जोर दे रहे हैं जो आइजनहावर के समय से हासिल नहीं हो पाई थी. यानी यूरोपीय देशों का अमेरिका के बराबर रक्षा खर्च करना. यह उसका सबूत है और जहां तक नौकरियों की बात है, तो यहां देखिए.

## दुनियाभर के नेताओं ने जानलेवा भूकंप के बाद वेनेजुएला के साथ दिखाई एकजुटता

काराकस(आरएनएस)। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने गुरुवार को एक आधिकारिक अपडेट में कहा कि देश में आए दो शक्तिशाली भूकंपों में कम से कम 32 लोग मारे गए और 700 से ज्यादा घायल हो गए। गुरुवार को दुनिया के कई नेताओं ने वेनेजुएला के लोगों के साथ एकजुटता दिखाई और मदद की पेशकश की। मैक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने वेनेजुएला के लोगों के साथ एकजुटता दिखाई और कहा कि उन्होंने दक्षिण अमेरिकी देश के लिए जरूरी मदद की तैयारी के निर्देश दिए हैं।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वेनेजुएला के लोगों के साथ हमारी एकजुटता। विदेश मामलों के सचिव वेनेजुएला के संपर्क में है और मैंने पहले ही जरूरी मदद की तैयारी के निर्देश दे दिए हैं। अभी के लिए, उन्होंने रेस्क्यू और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेषज्ञ लोगों के साथ मदद की अपील की है। मेक्सिको हमेशा एकजुटता के साथ खड़ा है और रहेगा।अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले ने कहा कि 300 रेस्क्यूअर और पैरामेडिक्स 50 टन इक्विपमेंट, दवाइयों और जरूरी सप्लाई के साथ काराकास के लिए निकलने के लिए



तैयार हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किया, "इस समय हमने विदेश मंत्रालय के जरिए वेनेजुएला सरकार को मदद की पेशकश की है। 300 रेस्क्यूअर और पैरामेडिक्स, 50 टन इक्विपमेंट, दवाइयों और जरूरी सप्लाई के साथ काराकास के लिए निकलने के लिए तैयार हैं।स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने लिखा, "भूकंप के बाद वेनेजुएला के लोगों को मेरा और स्पेन का पूरा समर्थन है। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।इक्वाडोर के प्रेसिडेंट डेनियल नोबोआ ने लिखा, "वेनेजुएला के लोगों के साथ मेरी पूरी एकजुटता है। मैंने इस इमरजेंसी से निपटने के लिए तुरंत मानवीय मदद भेजने का इंतजाम किया है। इक्वाडोर इस समय की जरूरत के हिसाब से तेजी और कमिटमेंट के साथ जवाब देगा क्योंकि इतने बड़े अंतर के बावजूद, इंसानियत को हमेशा एक लीडर के कामों को गाइड करना चाहिए।क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज पर्रिला ने भूकंप से हुए जानमाल के नुकसान के लिए वेनेजुएला के लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और 'एक्स' पर लिखा, "मैं भूकंप से हुए जानमाल के नुकसान के लिए वेनेजुएला के बोलिवेरियन रिपब्लिक की सरकार और लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व एकजुटता व्यक्त करता हूं। वहां मौजूद क्यूबा के स्वास्थ्य सहयोगी पूरी तरह से तैयार हैं और प्रभावित लोगों को मेडिकल सेवाएं दे रहे हैं।

## विवाद के बाद प्रेमी पर बैठ गई 136 किलो की महिला, प्रेमी का निकला दम



फ्लोरिडा (ए.)। अमेरिका में एक 136 किलो वजन की महिला अपने प्रेमी के साथ हुए विवाद के दौरान उस पर बैठ गई, जिसके कारण उसकी सांस रुक गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद महिला को अपने प्रेमी की मौत के मामले में जेल की सजा सुनाई गई। यह घटना 18 मार्च 2018 को हुई थी। मृतक की पहचान 44 वर्षीय कीनो बटलर के रूप में हुई थी। उनका वजन लगभग 54 किलोग्राम बताया गया, जबकि उनकी प्रेमिका विंडी थॉमस का वजन करीब 136 किलोग्राम था। दोनों एक साथ रहते थे और उनके बीच अक्सर घरेलू विवाद होते रहते थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे गंभीर झगड़े में बदल गई। जांच के दौरान सामने आया कि विवाद के दौरान विंडी थॉमस ने गुस्से में आकर कीनो बटलर को जमीन पर दबोच लिया और उसके ऊपर बैठ गई। महिला के भारी वजन के कारण कीनो की छाती और गर्दन पर अत्यधिक दबाव पड़ा।

इससे वह ठीक तरह से सांस नहीं ले सका और कुछ ही देर में उसकी हालत गंभीर हो गई। बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जांच करने वाले अधिकारियों और चिकित्सकीय रिपोर्ट के अनुसार, मौत का कारण छाती और गर्दन पर अत्यधिक दबाव पड़ने से उत्पन्न श्वसन विफलता था। विशेषज्ञों ने बताया कि जब किसी व्यक्ति की छाती पर लंबे समय तक अत्यधिक भार पड़ता है, तो फेफड़ों का सामान्य रूप से फैलना-सिकुड़ना बंद हो सकता है, जिससे शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती और दम घुटने जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। घटना के बाद विंडी थॉमस के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद उसने अदालत में अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

इसके बाद अदालत ने उसे 18 से 36 वर्ष तक की जेल की सजा सुनाई। यह मामला इसलिए भी चर्चा में रहा क्योंकि इसमें दोनों के वजन के बीच काफी बड़ा अंतर था और घटना की परिस्थितियां सामान्य आपराधिक मामलों से अलग थीं। इस मामले ने विशेषज्ञों का भी ध्यान आकर्षित किया। उनका कहना है कि किसी व्यक्ति के शरीर पर अत्यधिक वजन पड़ना गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचा सकता है, विशेषकर तब जब दबाव छाती या गर्दन जैसे संवेदनशील हिस्सों पर पड़े। वहीं, इस घटना को गुस्से में उठाए गए एक गलत कदम के गंभीर परिणाम के रूप में भी देखा गया। सोशल मीडिया पर यह मामला लंबे समय तक चर्चा में रहा।

## बलूचिस्तान में गर्ल्स स्कूल की स्थिति बदहाल, 200 से ज्यादा छात्राओं को पढ़ाते हैं 6-7 शिक्षक

क्वेटा (आरएनएस)। पाकिस्तान के हुक्मरान बलूचिस्तान में बड़ों को ही उनके हक से महरूम नहीं रख रहे, बल्कि अगली पीढ़ी से अच्छी शिक्षा का अधिकार भी छीन रहे हैं। बलूचिस्तान के खुजदार जिले में लड़कियों के एक सरकारी स्कूल के



हालात बेहद खराब हैं, जिसे लेकर बलूच लिटरेसी कैंपेन (बीएलसी) ने गंभीर चिंता जताई है। आरोप है कि जानबूझकर स्कूल में मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जा रही हैं।बीएलसी, बलूच स्टूडेंट्स एक्शन कमेटी (बीएसएसी) की एक पहल है, जिसने स्कूल में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षकों की कमी को लेकर सवाल उठाए हैं।बीएलसी के अनुसार, खुजदार के ग्रेशाग क्षेत्र स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल सरेंज में 200 से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं, लेकिन उन्हें पढ़ाने के लिए केवल 6 से 7 शिक्षक ही उपलब्ध हैं। संगठन का कहना है, "शिक्षकों की भारी कमी के कारण छात्राओं को विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई में परेशानी हो रही है।"बीएलसी ने आरोप लगाया, "स्कूल में वैकल्पिक शिक्षकों की गैर-जरूरी व्यवस्था भी समस्या को बढ़ा रही है, जिसमें ड्यूटी पर तैनात शिक्षक की जगह कोई अन्य व्यक्ति पढ़ाने आता है।" संगठन के अनुसार, इससे नियमित कक्षाएं प्रभावित होती हैं और बिना उचित प्रशिक्षण के पढ़ाई कराई जा रही है।संगठन ने यह भी कहा कि हाई स्कूल के रूप में पंजीकृत होने के बावजूद वहां माध्यमिक स्तर की कक्षाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण कई छात्राओं को आगे की पढ़ाई छोड़नी पड़ रही है और बड़ी संख्या में लड़कियां उच्च शिक्षा के अवसरों से वंचित हो रही हैं।बीएलसी ने बताया कि स्कूल में पर्याप्त कक्षाओं, पाठ्य पुस्तकों और साफ पीने के पानी की सुविधा का भी अभाव है, जिससे छात्राओं के सीखने का माहौल प्रभावित हो रहा है।

# फीचर

## स्वादिष्ट शाकाहारी सैंडविच के लिए आजमाएं ये 5 रेसिपी, आसान है बनाना



*सैंडविच एक ऐसा व्यंजन है, जो हर उम्र के लोगों को पसंद आता है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसे बनाना भी आसान है। आज हम आपको कुछ ऐसे शाकाहारी सैंडविच की रेसिपी बताएंगे, जो आपके खाने के स्वाद को बढ़ा देंगे और आपको नई-नई चीजें खाने का मजा देंगे। इन सैंडविच को आप नाश्ते, दोपहर के खाने या शाम की चाय के साथ खा सकते हैं।*

### पनीर टिक्का सैंडविच

*पनीर टिक्का सैंडविच एक बेहतरीन विकल्प है जब आप कुछ मसालेदार और सेहतमंद खाना चाहते हैं। इसके लिए आपको पनीर के टुकड़े, दही, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, धनिया पाउडर और गरम मसाला की जरूरत होगी। इन सभी मसालों को मिलाकर पनीर के टुकड़ों पर लगाएं और उन्हें कुछ देर के लिए रख दें। इसके बाद ब्रेड के टुकड़ों पर यह मिश्रण फैलाएं और दूसरी ब्रेड से ढक दें। फिर तवे पर सेंककर गर्मागर्म परोसें।*

### सब्जियों का सैंडविच

*सब्जियों का सैंडविच बनाने के लिए सबसे पहले ब्रेड के टुकड़े लें और उन पर मलाई फैलाएं। अब इनमें कटे हुए खीरे, टमाटर, प्याज, गाजर और सलाद पत्ता डालें। आप इसमें अपनी पसंदीदा सब्जियां भी शामिल कर सकते हैं जैसे शिमला मिर्च, मकई आदि। इसके बाद ऊपर से दूसरी ब्रेड रखें और इसे हल्का सा सेंकें ताकि यह कुरकुरा हो जाए। आपका स्वादिष्ट सब्जियों का सैंडविच तैयार है।*

### आलू का चाट मसाला सैंडविच

*आलू का चाट मसाला सैंडविच बनाने के लिए उबले हुए आलू को मैश करके उसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और थोड़ा सा अमचूर मिलाएं। अब इस मिश्रण को ब्रेड के टुकड़ों पर फैलाएं और ऊपर से दूसरी ब्रेड रखें। इसके बाद सैंडविच को तवे पर सेंकें जब तक कि यह सुनहरा भूरा न हो जाए। आपका स्वादिष्ट आलू का चाट मसाला सैंडविच तैयार है।*

### हरी चटनी वाला सैंडविच

*हरी चटनी वाला सैंडविच बनाने के लिए सबसे पहले हरी धनिया, पुदीना, हरी मिर्च, लहसुन और नमक मिलाकर चटनी तैयार करें। अब ब्रेड के टुकड़े लें और उनमें यह चटनी फैलाएं। आप इसमें बारीक कटी हुई सब्जियां जैसे खीरा, टमाटर, प्याज आदि भी शामिल कर सकते हैं। इसके बाद ऊपर से दूसरी ब्रेड रखें और इसे हल्का सा सेंकें ताकि यह कुरकुरा हो जाए। आपका स्वादिष्ट हरी चटनी वाला सैंडविच तैयार है।*

### मसालेदार टोस्ट सैंडविच


*मसालेदार टोस्ट सैंडविच बनाने के लिए सबसे पहले ब्रेड के टुकड़ों पर मक्खन लगाएं। अब इसमें बारीक कटी हुई प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मिर्च और थोड़ा सा नमक डालें। आप इसमें अपनी पसंदीदा मसालेदार चीजें भी शामिल कर सकते हैं जैसे चटनी या टमाटर की चटनी आदि। इसके बाद ऊपर से दूसरी ब्रेड रखें और इसे हल्का सा सेंकें ताकि यह कुरकुरा हो जाए। आपका स्वादिष्ट मसालेदार टोस्ट सैंडविच तैयार है।*

## बेहद हसीन दिखती हैं ईठा एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर, इंडियन हो या वेस्टर्न हर लुक में लगती हैं कमाल

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ईठा को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं. इस बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म में श्रद्धा तमाशा कलाकार, लावणी डांसर और लोक गायिका विठाबाई नारायणगांवकर की भूमिका निभा रही हैं. श्रद्धा अपनी फिल्मों के साथ-साथ अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश अंदाज को लेकर भी लगातार चर्चा में रहती हैं.फिल्म ईठा का धमाकेदार टीजर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. श्रद्धा कपूर ने एक बार फिर अपनी शानदार एक्टिंग से सबको हैरान कर दिया है. फिल्मों में शानदार एक्टिंग के साथ-साथ श्रद्धा कपूर अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश अंदाज से भी फैंस का दिल जीतती रहती हैं. उनका हर लुक सोशल मीडिया पर छा जाता है. फैंस उनकी खूबसूरती पर दिल हार बैठते हैं. श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं. वेस्टर्न आउटफिट हो या ट्रेडिशनल, श्रद्धा हर स्टाइल को बेहद ग्रेस और कॉन्फिडेंस के साथ कैरी करती हैं. श्रद्धा की सादगी और चार्म ही उन्हें बॉलीवुड की बाकी एक्ट्रेसेस से अलग बनाता है. उनका फैशन सेंस भी काफी यूनिक है. वो ट्रेंड्स को फॉलो करने के साथ-साथ अपना अलग स्टाइल स्टेटमेंट भी बनाती हैं. श्रद्धा अपनी नेचुरल ब्यूटी को लेकर भी फैंस के बीच चर्चा में रहती हैं. उनकी खूबसूरत स्माइल और पॉजिटिव पर्सनैलिटी हर आउटफिट में झलकती है. चाहे श्रद्धा कपूर सिंपल कैजुअल लुक में हों या फिर किसी ग्लैमरस अवतार में, श्रद्धा अपनी सादगी और एलिगेंस से सबका ध्यान खींच लेती हैं. श्रद्धा का मेकअप स्टाइल बेहद सॉफ्ट और नैचुरल रहता है, जो उनकी फीचर्स को और ज्यादा निखार देता है. वो अक्सर स्मोकी आईज, सॉफ्ट लिप्स और हल्के ग्लोइंग मेकअप के साथ नजर आती हैं. श्रद्धा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर उनके 93.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जो उनके हर नए लुक का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं. श्रद्धा भी अपने चाहने वालों को निराश नहीं करतीं और अक्सर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें और स्टाइलिश लुक्स शेयर करती रहती हैं. ईठा की बात करें तो इस फिल्म के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर हैं.



## वर्चुअल मीटिंग्स के दौरान इन बातों का रखें ध्यान, नहीं होगी कोई गलती



वर्चुअल मीटिंग्स अब आम हो गई हैं। चाहे ऑफिस की हो या अन्य किसी तरह की, इनका सही तरीके से संचालन करना जरूरी है ताकि पेशेवर छवि बनी रहे। सही कपड़े, बैकग्राउंड, समय पर ध्यान देना और तकनीकी तैयारी रखना अहम है। इसके अलावा ध्यान रखना चाहिए कि आप बोलते समय म्यूट बटन का उपयोग करें और ध्यान भटकाने वाली चीजों से बचें। इस लेख में हम आपको वर्चुअल मीटिंग्स से जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताने जा रहे हैं।

### सही कपड़े पहनें

वर्चुअल मीटिंग्स के लिए सही कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। भले ही आप घर पर हों, पेशेवर दिखना अहम है। औपचारिक कपड़े पहनें ताकि आपकी पेशेवर छवि बनी रहे। अगर आप ऑफिस के लिए औपचारिक कपड़े पहनते हैं तो वही कपड़े वर्चुअल मीटिंग्स के लिए भी अच्छे रहते हैं। इससे आप खुद को अधिक पेशेवर महसूस करेंगे और आपकी छवि भी बेहतर बनेगी। उचित कपड़े आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और मीटिंग का माहौल भी गंभीर बनाते हैं।

### बैकग्राउंड का ध्यान रखें

मीटिंग के दौरान बैकग्राउंड का ध्यान रखना भी जरूरी है। साफ-सुथरा और व्यवस्थित बैकग्राउंड रखें। अगर संभव हो तो दीवार पर कोई बड़ा चित्र न लगाएं क्योंकि इससे ध्यान भटक सकता है। इसके अलावा किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचें। एक साधारण और पेशेवर बैकग्राउंड सबसे अच्छा विकल्प होता है। इससे न केवल आपकी पेशेवर छवि बेहतर बनेगी, बल्कि सामने वाले को भी आपके माहौल का सही अंदाजा मिलेगा।

### समय पर उपस्थित रहें

वर्चुअल मीटिंग्स में समय पर आना बहुत जरूरी है। समय पर आने से आपकी पेशेवर छवि बेहतर बनी रहती है और आप अपने साथियों का सम्मान करते हैं। अगर किसी कारणवश आप लेट हो रहे हैं तो पहले से ही संदेश कर दें कि आप थोड़ी देर से आएंगे। इससे सामने वाले को आपकी गंभीरता का पता चलेगा और वे आपकी स्थिति को समझेंगे। हमेशा समय का पालन करना एक अच्छा पेशेवर शिष्टाचार है।

### म्यूट बटन का उपयोग करें

जब आप बोलते नहीं हों तो म्यूट बटन का उपयोग करना न भूलें। इससे बैकग्राउंड शोर से बचा जा सकता है और आपकी आवाज साफ-साफ सुनाई देगी। अगर आप किसी कारणवश थोड़ी देर के लिए बोलने वाले हैं तो पहले म्यूट बटन अनम्यूट करें और फिर बोलें। इससे न केवल आपकी पेशेवर छवि बेहतर बनी रहती है बल्कि आप अपनी बात भी अच्छे से रख पाते हैं। सही तरीके से म्यूट बटन का उपयोग करना एक अच्छा पेशेवर शिष्टाचार है।

### ध्यान केंद्रित रखें

मीटिंग के दौरान ध्यान केंद्रित रखना बहुत जरूरी है ताकि आप पूरी जानकारी प्राप्त कर सकें और सही तरीके से जवाब दे सकें। अगर आपका ध्यान कहीं और जाएगा तो आप मीटिंग की अहमियत नहीं समझ पाएंगे। अपने फोन या अन्य उपकरण को साइलेंट मोड पर रखें ताकि कोई भी विचलित न हो। इस तरह आप वर्चुअल मीटिंग्स को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं और अपनी पेशेवर छवि को बनाए रख सकते हैं।

## जेपी नड्डा से मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य सेवाओं और किसानों के हितों पर हुई अहम चर्चा



नई दिल्ली/रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, चिकित्सा अधोसंरचना के विकास, उर्वरकों की उपलब्धता तथा किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। विशेष रूप से दूरस्थ, ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य चिकित्सा संस्थानों का विस्तार एवं उन्नयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेशवासियों को आधुनिक और बेहतर उपचार सुविधाएं राज्य के भीतर ही उपलब्ध हों। बैठक के दौरान खरीफसीजन को देखते हुए किसानों के लिए खाद और बीज की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और उन्नत खेती के लिए प्रेरित करने हेतु गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में सफल ट्राइबल यूथ हॉस्टल के विद्यार्थियों से की मुलाकात।

## ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस ब्लीन्कीट परिसर को नियमों की अनदेखी करने पर किया गया सील

रायपुर(आरएनएस)। रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 7 नगर निवेश विभाग और राजस्व विभाग की टीम द्वारा नगर निगम जोन 7 क्षेत्र में समता कॉलोनी में प्रगति कॉलेज के पास ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस ब्लीन्कीट के भवन की व्यवस्था का नियमानुसार औचक निरीक्षण जोन 7 जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही के मार्गनिर्देशन और कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, उपअभियंता प्रेरणा अग्रवाल, चंद्रकांत बर्गे सहित जोन 7 नगर निवेश विभाग और राजस्व विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया.

औचक निरीक्षण के दौरान समता कॉलोनी मार्ग में ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस ब्लीन्कीट भवन में पार्किंग व्यवस्था नियमानुसार नहीं पायी गयी और भवन में अग्निशामक व्यवस्था नियमानुसार सही नहीं पायी गयी भवन में व्यवसाय संचालन नियमानुसार पूर्णता प्रमाणपत्र के बिना संचालन किया जाना स्थल पर पाया गया।

इसे देखते हुए जोन, 7 जोन कमिश्नर के मार्गनिर्देशन में स्थल पर नगर निगम जोन 7 की टीम द्वारा समता कॉलोनी में ऑनलाइन डिलीवरी सर्विस ब्लीन्कीट भवन को सीलबंद करने की कड़ी कार्रवाई की गयी।

# खाड़ी में सिस्टम पर ही निर्भर मानसूनी वर्षा, मौसम विभाग के अनुसार कल बारिश की संभावना



रायपुर,(आरएनएस)। प्रदेश के 33 में किसी भी जिले में सामान्य बारिश नहीं हुई है। इसकी वजह मानसून देरी से आने के अलावा बंगाल की खाड़ी में कोई सिस्टम नहीं बनना है। कम दबाव का क्षेत्र बनने से प्रदेश में झमाझम बारिश होती है, लेकिन अभी तक ऐसा नहीं हुआ है। द्रोणिका के असर से बारिश तो रही है, लेकिन यह खंडवर्षा जैसी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, जब तक खाड़ी में बड़ा सिस्टम नहीं बनेगा, व्यापक बारिश नहीं होगी।प्रदेश में मानसून ने 22 जून को दंतेवाड़ा में दस्तक दी थी। इसके 24 घंटे बाद ही रायपुर में मानसून आ गया। 23 जून को दिन में तो बारिश नहीं हुई, लेकिन रात साढ़े 8 बजे झमाझम बारिश हुई। इसके अलावा प्रदेश में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। इसके बाद बाद भी 1 जून से अभी तक किसी भी जिले में सामान्य पानी नहीं गिर पाया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 33 में 7 जिलों में सामान्य से कम और 26 जिलों में अति कम वर्षा हुई है।

सबसे कम बारिश मोहला और बिलासपुर जिले में

पिछले 24 दिनों में प्रदेश में सबसे कम बारिश मोहला-मानपुर जिले में हुई है। वहां अभी तक केवल 4.5 मिमी पानी गिरा है, जो सामान्य से 95 फीसदी कम है। बिलासपुर में सामान्य से 89 फीसदी कम बारिश हुई है। वहां केवल 9.9 मिमी पानी बरसा है। दूसरी ओर रायपुर जिले में अभी तक 25.3 मिमी पानी गिरा है, जबकि 90.1 मिमी गिर जाना था। यह सामान्य से 72 फीसदी कम है। गौर करने वाली बात ये है कि इनमें मोहला-मानपुर जिला पहाड़ी व जंगली एरिया में आता है।

## विधानसभा सत्र के मद्देनज़र कलेक्टर का सख्त आदेशः बिना अनुमति अवकाश और मुख्यालय छोड़ने पर रोक

बीजापुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के आगामी मानसून सत्र को देखते हुए जिला प्रशासन बीजापुर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर बीजापुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार 13 जुलाई से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नोत्तर से संबंधित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना अवकाश पर नहीं जाएंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। साथ ही, किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में बुलाए जाने पर उन्हें कार्यालयीन समय के बाद तथा अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में उपस्थित रहना होगा। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने तथा अधीनस्थ कर्मचारियों से भी इसका पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन का उद्देश्य विधानसभा सत्र के दौरान शासन को समय-सीमा में आवश्यक जानकारी एवं प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराना है।जिला प्रशासन ने आदेश के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से पूर्ण अनुशासन एवं तत्परता बनाए रखने की अपील की है।

## गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 126 क्विंटल डीएपी खाद और मेंटाडोर जब्त, 8.78 लाख की संपत्ति सीज

गरियाबंद, (आरएनएस)। किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि सामग्री की कालाबाजारी पर रोक लगाने के अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन की जा रही 126 क्विंटल डीएपी खाद और एक मेंटाडोर वाहन जब्त किया है। कार्रवाई में कुल 8.78 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जप्त की गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना देवभोग क्षेत्र के ग्राम तेतलखुटी में एक मेंटाडोर आईसर वाहन क्रमांक C G 07 छ्य 3719 के जरिए बड़ी मात्रा में डीएपी खाद का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही देवभोग पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को रोका और जांच शुरू की।

जांच के दौरान वाहन से 280 बोरी डीएपी खाद बरामद हुई। प्रत्येक बोरी में लगभग 45 किलोग्राम खाद भरी हुई थी। इस तरह कुल 12,600 किलोग्राम (126 क्विंटल) डीएपी खाद बरामद की गई, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 3 लाख 78 हजार रुपये आंकी गई है। वाहन चालक युधिष्ठिर दनता (42 वर्ष) निवासी ग्राम इंदागांव, थाना इंदागांव, जिला गरियाबंद से खाद परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रथम दृष्टया मामला अवैध परिवहन का पाए जाने पर पुलिस ने खाद और वाहन दोनों को जब्त कर लिया।

## जशपुर जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सुचारु

रायपुर (आरएनएस)। राज्य सरकार प्रदेश में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सुनिश्चत करने मॉनिटरिंग कर रही है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जशपुर जिले में भी पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सामान्य एवं सुचारु रूप से जारी है। जिले में कुल 61 पेट्रोल पंप संचालित हैं, जिनमें इंडियन ऑयल के 28, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के 24 तथा भारत पेट्रोलियम के 9 पेट्रोल पंप शामिल हैं। प्री-मानसून वर्षा के उपरांत खरीफ फसल की तैयारियों के कारण कृषि कार्यों में डीजल की मांग बढ़ी है। इसी क्रम में 23 जून 2026 को जशपुर जिले के कोतबा क्षेत्र स्थित दो पेट्रोल पंपों में डीजल स्टॉक समाप्त होने से अस्थायी स्थिति उत्पन्न हुई थी। किसानों एवं आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निकटवर्ती पेट्रोल पंपों से वैकल्पिक आपूर्ति व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की गई।

## 76 करोड़ की फर्जी बिल ट्रेडिंग का भंडाफोड़ः स्टेट जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, संचालक गिरफ्तार

रायपुर(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य कर विभाग (स्टेट जीएसटी) ने कर चोरी और फर्जी बिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजनांदगांव स्थित मैसर्स आदेश्वर ट्रेड लिंक के संचालक आदेश्वर चौरड़िया को गिरफ्तार किया है। विभागीय जांच में करीब 76 करोड़ रुपये की फर्जी बिल ट्रेडिंग और 8.22 करोड़ रुपये की संदिग्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का मामला सामने आया है।

जांच के अनुसार, फर्म ने पिछले लगभग छह माह के दौरान करोड़ों रुपये के लेन-देन केवल कागजों में दर्शाए। जीएसटी रिटर्न, वित्तीय अभिलेखों और अन्य दस्तावेजों के विश्लेषण में पाया गया कि फर्म द्वारा लिए गए 8.22 करोड़ रुपये के आईटीसी दावों में गंभीर अनियमितताएं हैं, जिससे शासन को भारी राजस्व हानि पहुंचाने का प्रयास किया गया। विभाग की प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ कि फर्म ने पश्चिम बंगाल की संदिग्ध कंपनियों से आयरन एवं स्टील की वास्तविक खरीदी किए बिना करोड़ों रुपये के खरीद बिल प्राप्त किए थे।

# खेल समाचार

## फीफा विश्व कप 2026ः क्रोएशिया ने पनामा को 1-0 से हराया

नईदिल्ली,(आरएनएस)। फीफा विश्व कप 2026 में क्रोएशिया फुटबॉल टीम ने पनामा फुटबॉल टीम को 1-0 से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। क्रोएशिया की ओर से आंटे बुदिमिर ने इकलौता गोल किया, जो निर्णायक साबित हुआ। यह पनामा की मौजूदा टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार साबित हुई। इस शिकस्त के साथ ही पनामा की टीम के राउंड ऑफ-32 में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। अपने आखिरी ग्रुप मैच में पनामा को इंग्लैंड से भिड़ना है।

पहले हाफ में पनामा ने आक्रामक शुरुआत की, जिसमें क्रोएशिया की टीम दबाव में नजर आई। पनामा की मजबूत रक्षापंक्ति ने क्रोएशिया के इवान पेरिसिच और लुका मोड्रिच जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के आक्रमण को रोका। इसी बीच शुरुआत में मैच धीमा और कम मौकों वाला रहा। मैच के 24वें मिनट में क्रिस्टियन मार्टिनेज ने फ्रीकिक हासिल की, जिसका वह फायदा नहीं उठा सके। लगातार प्रयासों के बीच पहला हाफ गोलरहित रहा।

दूसरे हाफ की शुरुआत में क्रोएशिया ने रणनीतिक बदलाव किए, जिसमें बुदिमिर और क्रामारिच को मैदान पर उतारा। मैच के 54वें मिनट में स्टानिसिच के दाहिने छोर से शानदार क्रॉस पर बुदिमिर ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद क्रोएशिया ने दबाव बढ़ाया, लेकिन गोल करने के कई मौके बर्बाद हुए। आखिर में पनामा के जवाबी हमले के बावजूद मुकाबले में कोई और गोल नहीं देखने को मिला।

मैच में क्रोएशिया ने गोल करने की 6 बार कोशिश की और 3 बार टारगेट पर शॉट लगाए। दूसरी तरफ पनामा ने 8 बार ही कोशिश की और सिर्फ 3 बार टारगेट पर शॉट लगाए। इस रोचक मैच में क्रोएशिया के पास 58 प्रतिशत समय बॉल का कब्जा रहा। क्रोएशिया ने 83 प्रतिशत एक्यूरेसी के साथ 493 पास पूरे किए। पनामा ने 387 पास किए, जिसमें उनकी एक्यूरेसी 82 प्रतिशत की रही।

## आईसीसी रैंकिंगः शुभमन गिल वनडे में दूसरे स्थान पर पहुंचे, मैट हेनरी बने नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज

नईदिल्ली,(आरएनएस)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल को फायदा हुआ है। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ संपन्न हुई वनडे सीरीज में कमाल की बल्लेबाजी करने वाले गिल अब 50 ओवर प्रारूप में दूसरी रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हैं। टेस्ट में जो रूट और मैट हेनरी क्रमशः बल्लेबाजी और गेंदबाजी में शीर्ष स्थान हासिल किए। आइए रैंकिंग पर एक नजर डालते हैं।

गिल को 3 पायदान का फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज में गिल ने 2 पारियों में 238.00 की औसत और 135.22 की स्ट्राइक रेट के साथ 238 रन बनाए थे। उन्होंने धर्मशाला वनडे में नाबाद 84 रन बनाए और इसके बाद लखनऊ वनडे में बड़ा शतक (154) लगाया था। चेन्नई में हुए सीरीज के तीसरे वनडे में उन्हें बल्लेबाजी नहीं मिली थी। वहीं, विराट कोहली एक पायदान के नुकसान के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

न्यूजीलैंड के मैट हेनरी टेस्ट प्रारूप में संयुक्त रूप से नंबर-1 गेंदबाज बने हैं। उन्होंने भारत के दिग्गज जसप्रीत बुमराह की बराबरी की है। बता दें कि बुमराह और हेनरी के 870 रेटिंग अंक हैं। हेनरी ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे ओवल टेस्ट में कुल 11 विकेट (5/80 और 6/29) चटकाए थे। इस प्रदर्शन का फायदा उन्हें टेस्ट रैंकिंग में हुआ है। हेनरी ने 6 पायदान की बड़ी छलांग लगाई है।जो रूट ने ओवल टेस्ट में 46 और 77 रन की पारियां खेलीं थी। वह एक बार फिर बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गए हैं। उन्होंने अपने साथी खिलाड़ी हैरी ब्रूक और ट्रेविस हेड को पीछे छोड़ते हुए ये मुकाम हासिल किया है।

## रोनाल्डो और मेसी की मैदान पर बेहतर करने की भूख युवाओं के लिए प्रेरणा हैः सुनील छेत्री

मुंबई,(आरएनएस)। दिग्गज भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इतने लंबे और सफल करियर के बाद भी ऊंचे स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की इच्छाशक्ति ही इन दोनों खिलाड़ियों को खास बनाती है।सुनील छेत्री ने जी5 पर कहा, मेसी और रोनाल्डो करीब 40 साल के हैं। उनका वैश्विक मंच पर इस तरह प्रदर्शन करना अविश्वसनीय है। अगर युवा फुटबॉलरों को उनसे कोई एक चीज सीखनी चाहिए, तो वह है उनकी भूख। उन्होंने फुटबॉल में लगभग सब कुछ जीता है, लेकिन वे अब भी उसी इच्छा और प्रतिबद्धता के साथ खेलते हैं। टूर्नामेंट के अपने पसंदीदा पलों के बारे में पूछे जाने पर, छेत्री ने मेसी की यादगार हैट्रिक, जापान की 4-0 की जबरदस्त जीत और मोरक्को-स्कॉटलैंड के मैच का जिक्र किया। उन्होंने कहा, मेसी की हैट्रिक ने सभी को याद दिलाया कि वह इस खेल को खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ियों में से एक क्यों हैं। जापान की 4-0 की जीत एक और खास पल था क्योंकि इसने दिखाया कि एशियाई फुटबॉल कितना आगे बढ़ गया है। मोरक्को बनाम स्कॉटलैंड का मैच लाइव देखने के लिए शानदार था, क्योंकि माहौल और क्वालिटी दोनों ही बेहतरीन रहा। छेत्री का मानना है कि फुटबॉल फैंस खुशकिस्मत हैं कि उन्हें मेस्सी और रोनाल्डो के शानदार करियर के आखिरी चैप्टर और काइलियन एम्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड की लीडरशिप में एक नई पीढ़ी का उदय देखने



को मिलेगा।छेत्री ने कहा, मुझे नहीं लगता कि पीढ़ियों के बीच कोई मुकाबला है। मेसी और रोनाल्डो ने अपनी अलग पहचान बनाई है, जबकि एम्बाप्पे, हालैंड और दूसरे अपनी अलग कहानी बनाएंगे। बस आप उन्हें देखें और आनंद लें। आपको कभी नहीं पता कि आपको मेसी और रोनाल्डो को इस तरह के स्टेज पर देखने के और कितने मौके मिलेंगे। दुनिया के बड़े फॉरवर्ड खिलाड़ियों पर के प्रदर्शन पर छेत्री ने कहा, मुझे लगता है कि किसी ने निराश नहीं किया है। मेसी, रोनाल्डो, हालैंड, एम्बाप्पे, हैरी केन, इसाक, ग्योकेरेस, जिनके बारे में भी टूर्नामेंट से पहले बात की गई थी, सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। किसी बड़े टूर्नामेंट में इतनी जल्दी सभी बड़े नामों का प्रदर्शन आना साधारण नहीं है। यह फुटबॉल फैंस के लिए बहुत अच्छा रहा है। फीफा विश्व कप 2026 में दुनिया के सभी मौजूदा बड़े फॉरवर्डों ने अपने प्रदर्शन से फैंस को रोमांचित किया है। 2 मैच में पांच गोल करने वाले मेसी विश्व कप के इतिहास में 18 गोल के साथ सबसे सफल खिलाड़ी बन गए।

उन्होंने जर्मनी के पूर्व फॉरवर्ड मिरोस्लाव क्लोस को पीछे छोड़ा, जिनके नाम सर्वाधिक 16 गोल का रिकॉर्ड था। दूसरी तरफ, रोनाल्डो छह अलग-अलग फीफा विश्व कप (जर्मनी 2006, दक्षिण अफ्रीका 2010, ब्राजील 2014, रूस 2018, कतर 2022, और अब यूएसए-मेक्सिको-कनाडा 2026) में गोल करने वाले इतिहास के पहले फुटबॉलर बन गए। पहले मैच में गोल से चूके रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए दूसरे मैच में उज्बेकिस्तान के खिलाफ 2 गोल किए और टीम की 5-0 की जीत में यादगार भूमिका निभाई।

## मनप्रीत सिंहः भारत के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले हॉकी खिलाड़ी, 41 साल बाद देश को दिलाया ओलंपिक पदक

नई दिल्ली, (आरएनएस)। मनप्रीत सिंह की गिनती भारतीय हॉकी मेंस टीम के दिग्गज खिलाड़ियों में की जाती है। अपने



इंटरनेशनल करियर में मनप्रीत उन उपलब्धियों को अपने नाम कर चुके हैं, जिसका सपना हर एक खिलाड़ी देखता है। मनप्रीत की कप्तानी में भारत ने साल 2021 (टोक्यो ओलंपिक 2020) में 41 साल का सूखा खत्म करते हुए ओलंपिक पदक जीता।मनप्रीत का जन्म 26 जून, 1992 को पंजाब के जालंधर के पास मौजूद मीठापुर गांव में हुआ। मनप्रीत के बड़े भाई हॉकी खिलाड़ी थे, तो शुरुआत से ही उनका मन इस खेल में रम गया। हालांकि, मनप्रीत की मां नहीं चाहती थीं कि वह इस खेल में अपनी पहचान बनाए। मनप्रीत की मां हॉकी को एक खतरनाक खेल मानती थीं। हालांकि, अपने जिद, लगन और कड़ी मेहनत के दम पर मनप्रीत परिवार का विश्वास भी जीतने में सफल रहे। इसके बाद उनका दाखिला जालंधर परिवार ने सुरजीत हॉकी अकादमी में कराया और इसके बाद मनप्रीत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।घरेलू स्तर पर अपने प्रदर्शन से धूम मचाने के बाद मनप्रीत ने टीम इंडिया की जर्सी में भी खूब नाम कमाया। साल 2014 में एशियाई खेलों में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मनप्रीत का अहम रोल रहा। इसके अलावा 2017 में हुए एशिया कप में भी उनका प्रदर्शन दमदार रहा। 2023 और 2024 में हुए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में भी मनप्रीत ने अपने दमदार खेल के बूते भारतीय टीम को शानदार जीत दिलाई।

## फीफा विश्व कप 2026ः घाना ने इंग्लैंड को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

नईदिल्ली,,(आरएनएस)। फीफा विश्व कप 2026 में इंग्लैंड फुटबॉल टीम अपने दूसरे मैच में जीत दर्ज नहीं कर सकी। दरअसल, घाना फुटबॉल टीम ने इंग्लैंड को गोलरहित ड्रॉ पर रोका। बोस्टन के जिलेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड का बॉल पर कब्जा ज्यादा रहा और उन्होंने कई मौके भी बनाए, लेकिन वे उन्हें गोल में नहीं बदल सके। इस ड्रॉ के चलते दोनों टीमों को 1-1 अंक से संतोष करना पड़ा।पहले हाफ में दोनों टीमें बेरंग नजर आई, जिसमें एक भी गोल देखने को नहीं मिला। कोच थॉमस टुचेल की रणनीति वाली इंग्लिश टीम ने पहले हाफ में 78 प्रतिशत गेंद पर कब्जा रखा, लेकिन घाना की रक्षापंक्ति ने उन्हें प्रभावी मौके बनाने से रोका। इस बीच इंग्लैंड के पास कुछ मौके बने। डेक्लान राइस की फ्री-किक ऊपर गई और हैरी केन का शॉट डिफ्लेक्ट हुआ, पर कोई भी शॉट टारगेट पर नहीं लग



सका।दूसरे हाफ में इंग्लैंड की ओर से एंटनी गॉर्डन, केन और बुकायो साका ने टारगेट पर 3 शॉट लगाए। सब्स्टीट्यूट के तौर पर मैदान पर आए आर्सेनल के साका के शॉट को घाना के गोलकीपर ने बचाव किया। वहीं, निको ओराइली का हेडर गोलपोस्ट से टकराया और रिबाउंड पर केन ने गेंद को बहुत ऊपर मार दिया। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने प्रयास किए, लेकिन मैच में कोई गोल नहीं देखने को मिला।मैच ड्रॉ होने के बावजूद, इंग्लैंड 2 मैचों में 4 अंकों के साथ नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालिफाई करने की राह पर बना हुआ है। हालांकि, अगर उन्हें ग्रुप-एल में शीर्ष पर रहना है, तो उन्हें अगले मैच में जीत दर्ज करनी होगी। थ्री लायंस शनिवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में पनामा का सामना करेंगे। बता दें कि इंग्लैंड और घाना, दोनों के ही 2 मैचों में 4 अंक हैं।अर्जेंटीना, स्पेन और मैक्सिको की तरह घाना भी उन चुनिंदा टीमों में से एक है, जिन्होंने 2026 फीफा विश्व कप में अब तक कोई गोल नहीं खाया है। बता दें कि घाना ने अपने पहले मैच में पनामा को 1-0 से हराया था। ऑप्टा के अनुसार, इंग्लैंड और घाना के बीच हुआ फीफा विश्व कप 2026 का मैच ऐसा पहला मुकाबला है जिसमें पहले हाफ में एक भी शॉट ऑन टारगेट नहीं लगा।

## फीफा विश्व कप 2026ः पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराया, रोनाल्डो ने दागे 2 गोल

नईदिल्ली, (आरएनएस)। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-के मुकाबले में पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। टीम की जीत के हीरो क्रिस्टियानो रोनाल्डो रहे, जिन्होंने 6वें और 39वें मिनट में गोल दागे। नूनो मेंडिस ने 17वें मिनट में और राफेल लेओ ने 87वें मिनट में गोल किया। वहीं, 60वें मिनट में अब्दुवोहिद नेमातोव के ओन गोल ने उज्बेकिस्तान की मुश्किलें और बढ़ा दीं। आइए मैच में बने प्रमुख रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।रोनाल्डो ने मैच में एक ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली। 41 वर्षीय यह खिलाड़ी 6 विश्व कप में गोल करने वाला पहला खिलाड़ी बना। 2018 विश्व कप उनके लिए सबसे यादगार रहा था, जहां उन्होंने 4 गोल किए थे। रोनाल्डो (41 साल 138 दिन) 40 वर्ष की उम्र पार करने के बाद विश्व कप में गोल करने वाले केवल दूसरे खिलाड़ी बने हैं।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने रचा इतिहास, 6 फीफा विश्व कप में गोल दागने वाले पहले खिलाड़ी बने

नईदिल्ली, (आरएनएस)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। 41 वर्षीय पुर्तगाली स्टार विश्व कप के 6 अलग-अलग संस्करणों में गोल करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने उज्बेकिस्तान के खिलाफ ग्रुप-के मुकाबले में यह कारनामा किया। रोनाल्डो ने मैच के छठे और 39वें मिनट में गोल दागकर इतिहास रचा और अपनी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। पुर्तगाल के पहले मैच में रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर पाए थे।

रोनाल्डो ने 2006 विश्व कप में 21 साल की उम्र में डेब्यू किया था और तब से फुटबॉल के बड़े मंच पर लगातार अपनी छाप छोड़ते आए हैं। उन्होंने अपने पहले विश्व कप में पुर्तगाल के सेमीफाइनल तक पहुंचने के अभियान के दौरान पहला गोल दागा था। इसके बाद 2010 और 2014 विश्व कप में भी एक-एक गोल किया। 2018 विश्व कप उनके लिए सबसे यादगार रहा, जहां उन्होंने 4 गोल किए।

# किसान बचाओ खेती बचाओ आंदोलन में शामिल हुए सैकड़ों ट्रैक्टर लेकर किसान

### क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन ने दिखाई एकता, 300 ट्रैक्टरों के साथ निकाली रैली
### कृषि मंडी में की सभा, सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा






नर्मदापुरम (निप्र)। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के द्वारा किसान बचाओ खेती बचाओ आंदोलन के तहत सैकड़ों ट्रैक्टर लेकर किसानों ने अपनी विभिन्न सूत्रीय मांगों के संबंध में संभाग मुख्यालय पर गुरूवार को विशाल टैक्टर व हारवेस्टर रैली निकाल कर एकता का परिचय दिया। लगभग 300 ट्रैक्टर लाइन से शहर की सड़कों पर चल रहे थे। किसान गेहूं के भुगतान में देरी, मूंग खरीदी में देरी, खाद,बिजली की समस्या को लेकर आक्रोशित हैं। शहर की सड़कों पर सरकार की नाकामयाबी को लेकर जमकर नारेबाजी कर रहे थे। इतनी बड़ी संख्या में टैक्टर सड़कों पर आने से अनेक स्थानों पर यातायात व्यवस्था बिगड़ रही थी। प्रशासन के द्वारा पुलिस फोर्स लगाया गया था फिर अनेक स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। रैली के बाद कृषि मंडी में सभा हुई जिसमें पदाधिकारियों ने सरकार की किसान विरोधी नीतियों को जमकर कोसा।

### किसानों ने दिखाया शक्ति प्रदर्शन

अपनी अपनी मांगो तथा समस्याओं को लेकर किसान संगठन ने जोरदार शक्ति.प्रदर्शन किया। यह रैली रसूलिया ओवर ब्रिज से शुरू होकर भोपाल तिराहा रामजी बाबा समाधि स्थल से शहर के बीच से होकर कलेक्टेट के पास पोस्ट आफिस के सामने चौराहा से मंडी की ओर रवाना हुई। ट्रैक्टर रैली की अनुमति प्रशासन से ली गई थी।

### अमेरिका का राष्ट्रपति देश का भाग्य लिख रहा है-लीलाधर राजपूत

क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर राजपूत ने सभा को संबोधितक करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य है कि अमेरिका का राष्ट्रपति देश का भाग्य लिख रहा है। उन्होंने कहा कि खेती पर बहुराष्ट्रीय कंपनी की नजर लग गई है। खेती और किसानों को बचाने के लिए किसानों को ही आगे आना पड़ेगा। किसान ही 75 प्रतिशत आबादी का भरण पोषण करता है।

### इतिहास में चार मामाओं ने किए हैं छल

लीलाधर राजपूत ने व्यंग्य कसते हुए कहा कि चार मामाओं का ऐसा इतिहास रहा है कि उन्होंने छल ही किया है। पहला मामा मारीच था दूसरा कंस, तीसरा शकुनी और चौधा कलियुग में आप सब जानते हो मुझसे नाम मत कहलवाओ।

# उच्च स्तरीय उपचार के लिए वायु मार्ग बना जीवन बचाने का रास्ता

### पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का उपयोग कर गंभीर मरीज को नागपुर किया गया एयरलिफ्ट




नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में पहली बार मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा का सफल उपयोग करते हुए गंभीर रूप से बीमार मरीज रामगोपाल टोकसे (83 वर्ष) को बेहतर उपचार हेतु एयरलिफ्ट कर नागपुर स्थित विवेका हॉस्पिटल पहुंचाया गया। यह सेवा गंभीर एवं जीवनरक्षक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई है। जानकारी के अनुसार रामगोपाल टोकसे सेरेब्रल इन्फार्क्ट, इलेक्ट्रोलाइट इम्बैलेंस एवं मल्टी ऑर्गन डिस्फंक्शन जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ उपचार के लिए अन्य उच्च स्तरीय अस्पताल में रेफर किए जाने की आवश्यकता थी। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मरीज को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से नागपुर स्थित विवेका हॉस्पिटल भेजने की व्यवस्था की गई ।मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा गंभीर मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं जीवनरक्षक सुविधा है। इस सेवा के माध्यम से मरीजों को आवश्यकता अनुसार प्रदेश अथवा अन्य स्थानों के उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थानों तक शीघ्र एवं सुरक्षित रूप से पहुंचाया जाता है, जिससे उन्हें समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध हो सके। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा के सफल संचालन के लिए नर्मदापुरम जिला प्रशासन ने सीहोर जिला प्रशासन के सहयोग से ट्राइडेंट कंपनी के हेलीपैड का उपयोग किया। समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप मरीज को सुरक्षित रूप से एयरलिफ्ट कर नागपुर पहुंचाया गया।

### 25 से 30 जून तक होगा "जल गंगा संवर्धन अभियान-2026" का समारोह पूर्वक समापन

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का समापन समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। अभियान की अवधि 30 जून 2026 को समाप्त हो रही है। प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25 जून से 30 जून 2026 तक समापन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।समापन कार्यक्रमों का उद्देश्य अभियान के दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में हुए कार्यों और उपलब्धियों को आमजन के सामने रखना, अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वाले ग्रामीणों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करना, जल संरक्षण और जल सुरक्षा के प्रति समाज की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में गरिमामय और जनभागीदारीपूर्ण आयोजन किए जाएंगे। समापन अवसर पर आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन भी किया जाएगा ।तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) जिला पंचायत नर्मदापुरम ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, एवं समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी / नगर परिषद नगरीय निकाय नर्मदापुरम को निर्देश दिए है कि जल गंगा संवर्धन अभियान -2026 के समापन हेतु 25 जून से 30 जून 2026 की अवधि तक किये जाने के संबंध में सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार सुनिश्चित किया जाए।

## हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड की सजा

नर्मदापुरम (निप्र)। आरक्षी केन्द्र सिवनीमालवा का अपराध क्रमांक 0173/22 धारा 302,201,34, भारतीय दण्ड संहिता 1860 एवं धारा 3(2)(1) 3(2) (1) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1980 में के आधार पर पंजीबद्ध प्रकरण एससीएटीआर-73/2022 में दिनांक 24.06.2026 को विशेष न्यायालय द्वारा अंतर्गत धारा 14 (1) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 नर्मदापुरम् विशेष न्यायाधीश श्री मनोज कुमार के न्यायालय में निर्णय पारित किया गया जिसमें अभियुक्तगण सालकराम एवं सोनू उर्फ सोहर को धारा 302 सहपठित धारा 34 एवं धारा 3(2)(1) के तहत आजीवन कारावास 10000-10000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया गया । प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक विशेष न्यायालय (एट्रोसिटीज) श्री सत्येन्द्र सिंह पटेल द्वारा की गई ।

घटना इस प्रकार है कि दिनांक 27.03.2022 को पुलिस कंट्रोल रूम नर्मदापुरम् में मोबाईल पर ग्राम हिरणखेडा में मुक्की गौर के खेत में शव पडे होने की सूचना प्राप्त होने पर तस्दीक हेतु पहुंचे और देखा मुक्की उर्फ महेश गौर के खेत में हिरणखेडा टप्पर पर रहने वाले जगदीश धुर्वे का शव खेत की मेढ पर पडा था, उसकी गर्दन में धारदार हथियार से मला काटना दिख रहा था और उसके दोनों हाथ गमछे से पीछे बंधे हुए थे। मृतक के पुत्र बलीराम धुर्वे से पूछताछ कर देहाती नालसी लेख की गई जिसमें फरियादी बलीराम ने बताया कि वह ग्राम हिरणखेडा से लगे टप्पर में रहता है तथा उसके साथ उसकी मां ताराबाई व पिता जगदीश रहते है । कल दिनांक 26.03.22 को सुबह 10-11 बजे उसके पिता हिरनखेडा राशन लेने का कहकर गये थे जिन्होंने रात्रि 8.00 बजे बब्लू कंजर की दारू की दुकान पर दारू पी थी उसके बाद घर नहीं पहुंचे । आज सुबह ऋषभ गौर उसे मोटरसाईकिल से मुक्की उर्फ मुकेश गौर के खेत लेकर गया, जहां उसने देखा कि उसके पिता जगदीश मुक्की गौर के खेत की मेढ के पास मरे पडे है , उनकी गर्दन में किसी हथियार की चोट पहुंचाकर मार डाला है गर्दन आधी कटी हुई डली थी, दोनो हाथ पीछे की ओर बंधे थे । उसके पिता को कल रा. हिरनखेडा से घर जाते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने गला काटकर मार डाला है । रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावे । विवेचना के दौरान जय अम्बे पेट्रोल पंप जाकर उसके सीसीटीवी केमरे चेक किए जाने पर दिनांक 26.03.22 की राशि 21.18 बजे मृतक जगदीश जैसा व्यक्ति हाथ में थैला लिये जाता दिखा उसके पीछे दो व्यक्ति जाते दिखे । संदेह होने पर संतोष व जमील खां को बुलाकर वीडियो दिखाया गया जिन्होने मृतक जगदीश व उसके पीछे जाने वाले दो व्यक्तियों को सालकराम लोहार व सोनू उर्फ सोहन गौर के रूप में पहचाना , जिसका पहचान पंचनामा तैयार किया गया तथा सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए गए ।

# बिना अनुमति के डूब क्षेत्र में बन रहे आवास



### प्रशासन बना हुआ है सुस्त, सड़कों पर पटकी जाती है निर्माण सामग्री

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदा तट के डूब क्षेत्र में 300 फीट के दायरे में आवास बनाने पर रोक होने के बाद भी धडल्ले से आवास बनाने का कार्य अनेक स्थानों परजारी है। नर्मदा तट के समीप सुभाष चौक के समीप ही एक आवास डूब क्षेत्र के ऐरिया में आने के बाद भी वहां पर आवास बन रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बिना अनुमति के आवास निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसकी जानकारी नगर पालिका के अधिकारियों को होने के बाद कोई रोक टोक नहीं की जा रही है। बताया जा रहा है कि रसूखदार लोगों के सामने नपा के अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं देकर अनदेखा करते हुए मौन स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं। यह भी देखने में आता है कि अनेक स्थानों पर आवास के निर्माण सामग्री सड़कों पर ही कई दिनों तक पड़ी रहने से आवागमन में परेशानी होती है। लेकिन इससे प्रशासन को कोई लेना देना नहीं है।

## कॉलेज में सामग्री आने से पहले ही भुगतान की चर्चा

### लाखों रूपयों के भुगतान का है मामला

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर के चर्चित कालेज में लाखों रूपयों की खेल सामग्री आने से पूर्व ही भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने की चर्चाएं चल रही हैं। कॉलेज प्राचार्य से जब इस संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे अवकाश पर जाना था इसलिए मेरे पास जिस वाहन से सामग्री आ रही है उसका नंबर आ चुका था। सामग्री भी गुरूवार शाम तक आने की बात उन्होंने स्वीकारी है। लेकिन दोपहर तक सामग्री नहीं आई थी। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में इतनी गलती जरूर हो गई है कि सामान आने से पूर्व भुगतान की प्रक्रिया कर दी है।

## नर्मदापुरम में 28 से 30 जून तक चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, 1.48 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो से बचाव के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून 2026 तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिले के कुल 1,48,437 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें शहरी क्षेत्र नर्मदापुरम में 20224, इटारसी में 16389, पचमढी में 1150, बनखेडी में 15887, पिपरिया में 18977, सोहागपुर में 19621, माखन नगर में 14626, सुखतवा में 11076, डोलरिया में 10500 एवं सिवनीमालवा में 19987 लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में कुल 1,527 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनमें 1,460 पोलियो बूथ, 53 ट्रांजिट टीम और 14 मोबाइल टीम शामिल हैं। बूथों पर 3,054 बूथ कर्मचारी और 178 सुपरवाइजर तैनात रहेंगे। जिला व ब्लॉक स्तर से अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। पोलियो बूथ स्वास्थ्य संस्थाओं, आंगनबाड़ी केन्द्रों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, पंचायत भवन, स्कूल भवन आदि स्थानों पर बनाए गए हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टीम दवा पिलाएगी। अभियान अन्तर्गत पोलियो बूथ प्रात: 8 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम का संचालन होगा तथा दूसरे एवं तीसरे दिन घर-घर भ्रमण कर टीमे शेष छुटे बच्चो को घर पर दवा पिलाने का कार्य करेगी, मोबाईल टीम द्वारा दूरस्थ क्षेत्र, ईट भट्टे, निर्माण स्थल, घुमन्तु आबादी, क्रेशर, स्लम एरिया को कबर करेगी ।

## पंचम दा की यादों से सजेगी संगीत संध्या

### कल 27 को असीम विस्वास देंगे सुरों का अनमोल तोहफा




नर्मदापुरम (निप्र)। संगीत प्रेमियों के लिए 27 जून की शाम यादगार बनने जा रही है। शहर की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्था म्यूजिक जोन नर्मदापुरम द्वारा हिंदी फिल्म संगीत के महान संगीतकार आरडी बर्मन पंचम दा की जयंती के अवसर पर विशेष संगीत संध्या दीवाना लेके आया है का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 जून को शाम 5.30 बजे नर्मदा महाविद्यालय स्थित संस्कृति भवन में आयोजित होगा। जिसमें शहर के सुप्रसिद्ध गायक और किशोर कुमार की आवाज के रूप में पहचान रखने वाले असीम विस्वास अपनी विशेष प्रस्तुतियां देंगे।म्यूजिक जोन वर्षों से नर्मदापुरम में संगीत और कला के संवर्धन के लिए कार्य कर रहा है। संस्था लगातार ऐसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ.साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को भी मजबूत कर रही है। इसी कड़ी में इस बार पंचम दा के अमर संगीत को समर्पित यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। असीम विस्वास न केवल इस संगीतमय शाम के मुख्य आकर्षण होंगे बल्कि वे म्यूजिक जोन के संस्थापक भी हैं। संगीत उनके परिवार की विरासत रहा है। उनके माता.पिता स्वयं उत्कृष्ट गायक रहे हैं जबकि उनके बड़े भाई सुजीत बिस्वास देश के प्रतिष्ठित ऑर्केस्ट्रा समूहों मेलोडी मेकर्स और सेवन स्टार के साथ कई नामचीन बॉलीवुड कलाकारों के मंच साझा कर चुके हैं।कार्यक्रम में किशोर कुमार और आरडी बर्मन के कालजयी गीतों की ऐसी प्रस्तुति होगी जो श्रोताओं को स्वर्णिम संगीत युग की यादों में ले जाएगी। असीम बिस्वास के साथ शहर की कई प्रतिष्ठित हस्तियां और म्यूजिक जोन के अन्य कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियों से शाम को और अधिक रंगीन बनाएंगे। म्यूजिक जोन के सचिव एवं सूत्रधार सईद कुरैशी ने बताया कि यह आयोजन संगीत प्रेमियों के लिए एक अनूठा अनुभव होगा जहां सुर संगीत और यादों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने शहरवासियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस संगीतमय शाम का आनंद लेने की अपील की है। 27 जून की यह शाम पंचम दा और किशोर कुमार के अमर गीतों के नाम होगी, जहां हर धुन श्रोताओं के दिलों को छू जाएगी और हर गीत सुनहरे दौर की यादें ताजा कर देगा।

## सिवनी मालवा में मुहर्रम से पहले प्रशासन अलर्ट, एसडीएम के नेतृत्व में निकाला गया रूट मार्च

### कलेक्टर के निर्देश पर ताजिया रूट और विसर्जन स्थलों का किया गया निरीक्षण, शांति व्यवस्था पर जोर



नर्मदापुरम (निप्र)। मुहर्रम और आगामी त्योहारों को देखते हुए नर्मदापुरम कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए गुरूवार को सिवनी मालवा में बड़ा रूट मार्च निकाला गया।एसडीएम सिवनीमालवा विजय राय की अगुवाई में थाना प्रभारी सिवनी मालवा और नगर पालिका परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने शहर का सघन भ्रमण किया। टीम ने मुहर्रम के दौरान ताज़िया निकालने के रास्तों, मुख्य सड़कों और विसर्जन स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। एसडीएम ने मौके पर ही संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए ताकि त्योहार के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो।

## पिपरिया में जनसुनवाई से मिली कैंसर मरीज सुमित मेहरा को तत्काल राहत, आयुष्मान पात्रता पर्ची जारी

नर्मदापुरम (निप्र)। मंगलवार 23 जून 2026 को अनुविभाग पिपरिया में आयोजित जनसुनवाई में प्रशासन की त्वरित पहल से गले के कैंसर से जूझ रहे मरीज को इलाज का रास्ता मिल गया। शिव शम्भू कॉलोनी, इंदिरा



गांधी वार्ड पिपरिया निवासी 32 वर्षीय सुमित मेहरा ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि छ्य हॉस्पिटल भोपाल ने उनका इलाज करने से मना कर दिया था। अस्पताल का कहना था कि उनका नाम आयुष्मान भारत पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा, इसलिए मुफ्त इलाज संभव नहीं है।मामले की गंभीरता देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी ने मौके पर उपस्थित खंड चिकित्सा अधिकारी से जांच रिपोर्ट का परीक्षण कराया। जांच में सुमित को गले का कैंसर होना पुष्ट हुआ। इसके बाद हल्का पटवारी को तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत कर सुमित का नाम बीपीएल श्रेणी में जोड़ने के निर्देश दिए गए। पटवारी रिपोर्ट के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी ने स्वीकृति आदेश जारी किया। तथा नगर पालिका से बीपीएल प्रमाण पत्र बनवाकर सहायक आपूर्ति अधिकारी को जिला कार्यालय एवं NIC से समन्वय कर पोर्टल पर पात्रता पर्ची तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान ही सुमित के गले के कैंसर के ऑपरेशन हेतु आवश्यक सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं। इस तत्परता पर सुमित मेहरा ने अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में स्थापित हुई अत्याधुनिक CLIA मशीन, अब जिले में ही होंगी HIV, हेपेटाइटिस की उन्नत जांच

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में अत्याधुनिक CLIA (केमील्यूमिनेसेंस इम्यूनोअसे) मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन के माध्यम से अब रक्तदान किए गए रक्त की संक्रमण संबंधी उन्नत जांचें जिले में ही की जा सकेंगी, जिससे मरीजों को अधिक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। अब तक रक्तदाताओं के रक्त की एचआईवी (HIV), हेपेटाइटिस-बी (Hepatitis-B), हेपेटाइटिस-सी (Hepatitis-C) एवं सिफलिस (Syphilis) जैसी संक्रमणजनित बीमारियों की जांच के लिए नमूनों को भोपाल भेजना पड़ता था। इस प्रक्रिया में जांच रिपोर्ट प्राप्त होने में समय लगता था, जिसके कारण रक्त एवं रक्त अवयवों की उपलब्धता प्रभावित होती थी। CLIA मशीन की स्थापना के बाद अब ये सभी महत्वपूर्ण जांचें जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के ब्लड बैंक में ही की जाएंगी, जिससे जांच रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध होगी और जरूरतमंद मरीजों को समय पर सुरक्षित रक्त मिल सकेगा।विशेषज्ञों के अनुसार CLIA तकनीक वर्तमान समय में रक्त जांच की सबसे विश्वसनीय, संवेदनशील एवं उन्नत तकनीकों में से एक है। यह तकनीक संक्रमण की प्रारंभिक अवस्था में भी रोग की पहचान करने में सक्षम है, जिससे रक्त आधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) के दौरान संक्रमण फैलने की संभावना को न्यूनतम किया जा सकता है। साथ ही मशीन पूर्णत: स्वचालित होने के कारण जांच प्रक्रिया में मानवीय त्रुटियों की संभावना भी कम हो जाती है तथा परिणाम अधिक सटीक एवं विश्वसनीय प्राप्त होते हैं।जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक अधिकारी एवं एम.डी. पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. इज़हार खान ने बताया कि CLIA मशीन की स्थापना नर्मदापुरम जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com